नई दिल्ली
बुधवार, 27 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 133
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00



मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं


### दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ के 100 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम में बोले भागवत

# संघ हिन्दुस्तान में रहने वाले सभी लोगों के लिए करता है काम

## आरएसएस प्रमुख बोले, दुनिया करीब आ गई है, और इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस के बारे में लोगों के बीच एक सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि बहुत सारे लोग समझते हैं कि संघ केवल हिंदुओं के लिए कार्य करता है। संघ प्रमुख ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि संघ हिंदू राष्ट्र के लिए काम करता है, लेकिन इस हिंदू राष्ट्र का अर्थ केवल हिंदुओं से नहीं है। बल्कि यह हिंदुस्तान में रहने वाले सभी लोगों के लिए है। कुछ लोग इसे हिंदू कहते हैं, लेकिन कुछ लोग हिंदू की बजाय स्वयं को हिंदवी या भारतीय कहलाना पसंद करते हैं। उन्हें हिंदू शब्द से आपत्ति हो सकती है। लेकिन भारतीय कहने में भी वही राष्ट्रीयता झलकती है जो हिंदू होने में है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में अपना पहले दिन का संबोधन दिया।



### हम अपने देश की प्रशंसा करें

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में, संगठन के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। आरएसएस का सार हमारी प्रार्थना की अंतिम पंक्ति में निहित है, जिसे हम प्रतिदिन दोहराते हैं, 'भारत माता की जय'। यह हमारा देश है और हमें इसकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसे दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया करीब आ गई है, और इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा।

### समाज से संघ को मिली शक्ति

मोहन भागवत ने बताया कि आरएसएस की उपलब्धियों को लेकर आज लोग चर्चा करते हैं, लेकिन कभी संघ के स्वयंसेवक भी इस सफलता की कल्पना नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि संघ को यह शक्ति समाज के द्वारा आई है। समाज की शक्ति के कारण ही संघ अपने उद्देश्यों में सफल हुआ। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों से संघ मजबूत होता है, और शाखाएं लगती हैं, शाखाओं से संघ के स्वयंसेवक बनते हैं जो संघ को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि संघ अपने आपको चलाने के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर और स्वावलंबी है। कार्यकर्ता से लेकर आर्थिक संसाधनों के लिए वह पूरी तरह अपने ही स्वयंसेवकों पर निर्भर है।

### संघ का उद्देश्य देश को विश्व गुरु बनाना

उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत के योगदान का समय आ गया है। भारत आजादी के 75 वर्षों में वह दर्जा हासिल नहीं कर सका जो उसे मिलना चाहिए था। आरएसएस का उद्देश्य देश को विश्व गुरु बनाना है। भागवत ने कहा कि अगर हमें देश को आगे बढ़ाना है, तो यह किसी एक पर काम छोड़ देने से नहीं होगा। हर किसी की इसमें भूमिका होगी। राजनेताओं, सरकारों और राजनीतिक दलों की भूमिका इस प्रक्रिया में सहायता करने की है। इसका मुख्य कारण समाज में परिवर्तन और उसकी क्रमिक प्रगति होगी। भागवत ने स्वामी विवेकानंद का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार उन्होंने कहा था, प्रत्येक राष्ट्र का एक मिशन होता है जिसे पूरा करना होता है... भारत का भी अपना योगदान है। यदि किसी देश को नेता बनना है, तो उसे अपने लिए ऐसा नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके नेतृत्व को विश्व व्यवस्था में एक आवश्यक नई गति लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस की स्थापना का उद्देश्य भारत के लिए है, इसका कार्य भारत के लिए है, और इसका महत्व भारत के 'विश्वगुरु' बनने में निहित है। विश्व में भारत के योगदान का समय आ गया है। मोहन भागवत ने कहा कि क्रांतिकारियों की एक और लहर आई। उस लहर से कई ऐसे उदाहरण निकले जो आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। उस क्रांति का उद्देश्य आजादी के बाद ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शाहरुख-दीपिका समेत 7 के खिलाफ केस



**नई दिल्ली।** अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हुंडई अल्कजार का प्रचार कर के फंस गए हैं। राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले कीर्ति सिंह नाम के एक शख्स की शिकायत पर शाहरुख और दीपिका समेत करीब 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शख्स का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर डिफेक्टिव हुंडई अल्कजार कार बेची गई।

### दिल्ली दंगे और आगजनी केस में 6 लोग बरी किए



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने मंगलवार को 2020 दिल्ली दंगों के केस में 6 लोगों को बरी कर दिया है। आरोप था कि ये सभी 25 फरवरी 2020 को दंगे और आगजनी में शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि मामले में आरोपियों के अधिकारी का हनन हुआ है। इसको लेकर पुलिस आयुक्त से कार्रवाई की भी मांग की है।

### कार फिसलकर नाले में गिरी, तीन की मौत



**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में एक कार बरसाती नाले में गिर गई। इससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना सोमवार देर रात खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के लकोड़ा गांव के पास हुई। मृतकों की पहचान ध्रुव पटेल, लव पटेल और नरेश मीणा के रूप में हुई है। दुर्घटना के समय एसयूवी वाहन में पांच लोग सवार थे। दो लोग खिड़की का शीशा तोड़कर निकलने में सफल रहे।

### जर्मनी के अखबार 'एफएजेड' ने अपनी एक रिपोर्ट में किया यह दावा

# राष्ट्रपति ट्रंप ने चार बार किया फोन लेकिन पीएम मोदी ने एक बार भी नहीं उठाया

- आज से भारत पर पूरी तरह से लागू हो रहे 50 फीसदी टैरिफ के बीच भारत का अमेरिका को सख्त संदेश, किसी भी सूरत में नहीं झुकेंगे
- भारत या अमेरिका की तरफ से अभी तक इस मामले पर नहीं दी गई है कोई प्रतिक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के आज (बुधवार) से पूरी तरह से लागू होने से ठीक पहले एक बड़ी ही महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। जिसमें जर्मनी के समाचारपत्र 'फ्रैंकफ़र्टर ऑलगेमाइन ज़िटुंग (एफएजेड)' ने अपनी एक रिपोर्ट में ये दावा किया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के जवाब में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं और उन्होंने अमेरिका के सामने झुकने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। इन सबके बीच ट्रंप ने बीते सप्ताह में कुल करीब चार बार पीएम मोदी को फोन कर उनसे बात करने की कोशिश की थी। लेकिन मोदी ने एक बार भी ट्रंप का फोन नहीं उठाया। जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। हालांकि एफएजेड ने अपनी रिपोर्ट में ये नहीं बताया है कि कब यानी किस तारीख या समय पर अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को यह फोन कॉल ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पीएम पहले ही दिखा चुके भारत के तेवर

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में टैरिफ को लेकर अमेरिका का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधते हुए कहा था कि आज दुनिया में आर्थिक स्वार्थ वाली राजनीति है। हर कोई अपना करने में लगा हुआ है। जिसे हम भली भांति देख रहे हैं। लेकिन भारत की सरकार अपने किसानों और पशुपालकों का कभी भी बुरा नहीं होने देगी। फिर चाहे दबाव कितना ही क्यों न आए? हम अपनी ताकत बढ़ाते जाएंगे। इसी क्रम में भारत ने हाल ही में एक आधिकारिक बयान जारी कर अमेरिका जाने वाली डाक सेवाओं पर भी अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। वहीं, प्रधानमंत्री से पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अमेरिका के टैरिफ के फैसले को पूरी तरह से गलत और अविवेकपूर्ण बता चुके हैं। उनका भी यह कहना है कि भारत की रूस से सस्ते दामों पर जारी कच्चे तेल की खरीद देश की आम-जनता की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए की जा रही है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। जहां तक बात भारत की रूस से व्यापार को लेकर है। तो खुद अमेरिका ही नहीं यूरोप भी रूस से व्यापार कर रहा है। फिर हमारा ही विरोध क्यों? तेल की मात्रा के हिसाब से भारत नहीं बल्कि चीन रूस से सर्वाधिक तेल खरीदता है। उस पर अमेरिका ने टैरिफ नहीं लगाया है।

### घरेलू उद्योग, किसानों के हित सर्वोपरि

एफएजेड की रिपोर्ट के मुताबिक, 50 फीसदी टैरिफ के दबाव के बावजूद भारत टस से मस नहीं हुआ और उसने अपने आयात शुल्क को कम करने और व्यापार संबंधी छूट से भी इंकार कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति का रुख कहीं से भी संवाद वाला नहीं है। बल्कि वो लगातार टैरिफ के जरिए दबाव डालने या धमकी देने का रवैया अपना रहे हैं। जिसके सामने दुनिया के कई देश या तो सीधे-सीधे झुक गए हैं, कुछ ने इस बाबत समझौता कर रास्ता निकाल लिया है। लेकिन भारत पूरी मजबूती के साथ ट्रंप के सामने डटा हुआ है और उसने लगभग एक इंच भी इधर से उधर होने से इंकार कर दिया है। भारत की केंद्र की सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने अपने देश के घरेलू उद्योगों और किसानों के हितों को शीर्ष प्राथमिकता दी है। उसका मौजूदा रुख अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नए आत्मविश्वास को प्रदर्शित करता है। पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यवहार से नाराज भी नजर आ रहे हैं। जो काफी कुछ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कुछ वर्षों पहले किए गए व्यवहार से मेल खाता हुआ नजर आता है। एक समय में जिनपिंग भारत के दौरे पर आए थे, गुजरात भी गए थे। फिर उन्होंने भारत के साथ संबंधों को दुरुस्त बनाने पर जोर दिया था। लेकिन इस यात्रा के तुरंत बाद चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत के इलाके में घुस गई। जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बढ़ गया था।

### एशिया में भारत के बिना नहीं चलेगा काम

जर्मनी के समाचारपत्र ने यह भी कहा कि भारत का अमेरिका के समक्ष बना हुआ यह सशक्त अंदाज कहीं न कहीं उसकी दक्षिण एशिया में मजबूत होती राजनीतिक स्थिति का भी साक्षात प्रमाण प्रस्तुत करता है। भारत या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात से भली भांति परिचित हैं कि एशिया में चीन से दो-दो हाथ करने में अमेरिका को भारत की बहुत आवश्यकता है। जिसकी वजह से वो टैरिफ या व्यापार के मामले में अमेरिकी शर्तों व दबाव के सामने झुकने के लिए मजबूर नहीं दिखाई पड़ता है। जो कि इस तथ्य को भी स्पष्ट कर देता है कि भारत अब विकसित देशों के दबाव के सामने झुकने की अपनी पुरानी रिवायत को तोड़कर आगे निकल चुका है। जिसका परिणाम यह है कि आज भारत न केवल अमेरिका बल्कि यूरोपीय संघ (ईयू) और एशिया महाद्वीप के तमाम देशों के साथ संतुलित और बेहतर साझेदारी के साथ कदमताल करता हुआ नजर आ रहा है।

### 16 अगस्त को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की शुभकामनाओं को लेकर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जताया आभार

# रूस के साथ युद्ध खत्म कराने में ट्रंप नहीं, भारत के योगदान पर यूक्रेन ने जताया भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस के साथ जारी युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 16 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रपति को उनके देश के स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं थीं। जिसे लेकर मंगलवार को वोल्डोमीर जेलेंस्की ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए पीएम का धन्यवाद देते हुए कहा कि रूस के साथ जारी युद्ध को खत्म कराने में भारत के योगदान पर यूक्रेन भरोसा करता है। यहां पर ध्यान देने वाली एक महत्वपूर्ण बात ये है कि जेलेंस्की को रूस के साथ युद्ध खत्म कराने के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नहीं बल्कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यानी भारत के योगदान पर भरोसा है। जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में ये भी कहा कि यूक्रेन भारत के शांति और संवाद को लेकर बने हुए समर्पण की सराहना करता है। अब पूरी दुनिया इस भयानक युद्ध को सम्मान और स्थायी शांति के साथ खत्म कराने के पक्ष में है। हम भारत के योगदान को महत्व देते हैं। यहां बता दें कि भारत और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बीते वक्त में टेलीफोन पर बातचीत भी हो चुकी है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन विवाद के युद्धक्षेत्र में नहीं बल्कि बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल ▸▸ शेष पेज 5 पर


फाइल फोटो

### यूरोप, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आएगी शांति

जेलेंस्की ने अपनी पोस्ट में ये भी कहा, कूटनीति को मजबूत बनाने वाला प्रत्येक निर्णय न केवल यूरोप की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। बल्कि इसका संबंध हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उसके बाहर से भी है। 16 अगस्त को पीएम मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में यूक्रेन के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए शांति और विकास का जिक्र किया था। जिसे लेकर जेलेंस्की ने उनके प्रति धन्यवाद के साथ आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही उन्होंने 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी और उम्मीद जताते हुए कहा कि नई दिल्ली रूस के साथ युद्ध समाप्ति के प्रयासों में भागीदारी करेगी। पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति की बधाई के प्रति उन्हें धन्यवाद दिया था।

### 12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन

# मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक राज्य बना

- 4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मप्र देश में सब्जी उत्पादन की दृष्टि से तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। जबकि टमाटर के उत्पादन में मप्र देश में प्रथम स्थान पर आ गया है। प्रदेश में किसानों की ओर से 12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक उत्पादन टमाटर का है। मप्र टमाटर के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में 2024-25 में एक लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर में टमाटर की खेती की गई है। इसमें 36 लाख 94 हजार 702 मीट्रिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा

# लैंडस्लाइड की वजह से 7 की मौत, 14 घायल

- अर्धकुंवारी के पास हादसा यात्रा रोकी गई

एजेंसी ▸▸ जम्मू



जम्मू में भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को अचानक भूस्खलन हो गया। यह हादसा अर्धकुंवारी के पास हुआ, जहां हजारों श्रद्धालु हर रोज मां वैष्णो देवी के दरबार की ओर जाते हैं। जोरदार धमाके के साथ पहाड़ी से मलबा और बड़े पत्थर ट्रैक पर आ गिरे। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कटड़ा स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के तुरंत बाद श्राइन बोर्ड और सुरक्षा बलों ने राहत व बचाव ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कल से होगी प्रधानमंत्री मोदी की जापान और चीन की यात्रा की शुरुआतः मिस्री

# पीएम की चीन यात्रा से पहले भारत ने जताई उम्मीद, एससीओ करेगा सीमापार आतंकवाद की कड़ी निंदा

- विदेश सचिव ने बताया, 29 से 30 अगस्त तक जापान और 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन में रहेंगे पीएम
- चीन के राष्ट्रपति तियानजिन में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करने के लिए हैं तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के कई क्षेत्रों में जारी सैन्य संघर्ष और 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ की चुनौती के बीच कल यानी गुरुवार (28 अगस्त) से प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी एशिया के दो महत्वपूर्ण देशों जापान और चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। जिसका पहला पड़ाव जापान होगा और उसके बाद पीएम तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल के साथ संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के इस दौरे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 28 अगस्त की शाम को पीएम जापान के लिए रवाना हो जाएंगे। जिससे ठीक पहले भारत ने उम्मीद जताते हुए कहा कि अगले सप्ताह 1 सितंबर को चीन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन ▸▸ शेष पेज 5 पर

# राजद-कांग्रेस में खिंची तलवार, एक सितंबर को प्रस्तावित पटना रैली रद्द?

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन की एक सितंबर को पटना में प्रस्तावित रैली क्या रद्द कर दी गई? ये सवाल आज मंगलवार को पटना से दिल्ली तक तैरते रहे। औपचारिक रूप से कोई बोलने को तैयार नहीं। ये भी खुलकर नहीं कहा जा था की रैली होगी, नहीं होगी, ऐसा भी नहीं कहा जा रहा ! राजद के एक बड़े नेता ने हरिभूमि से कहा, पटना के गांधी मैदान में एक सितंबर को प्रस्तावित महागठबंधन की रैली रद्द कर दी गई है। इसके पीछे, मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी को घोषित नहीं किए जाने



को कारण बताया जा रहा है।

**रैली नहीं तो राहुल के पैदल यात्रा की तैयारी :** सोमवार देर रात राजद ने रैली से ख़ुद को अलग करने की जानकारी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को दे दी। सूत्रों ने बताया उसके बाद पटना में एक सितंबर को राहुल गांधी की पैदल यात्रा को नए सिरे से डिज़ाइन किया जा रहा है। एक लाख लोगों के हुजूम के साथ यात्रा के अंतिम पड़ाव पटना में राहुल गांधी "वोटर अधिकार यात्रा" का समापन करें उसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। विश्वस्त सूत्रों ने साफ़ किया की एक सितंबर को पटना के गांधी मैदान में प्रस्तावित विपक्षी गठबंधन की महागठबंधन रैली फिलहाल स्थगित कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इसकी मुख्य वजह कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच जारी खींचतान है। रैली को लेकर शुरुआती दौर में इसे विपक्षी एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा था, लेकिन अब यह आयोजन टलने से राजनीतिक हलचल तेज ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तीनों सेना प्रमुख ने बताई भविष्य की तैयारियां, सीडीएस ने किया संबोधित

### महू आर्मी वार कॉलेज में 'रण संवाद-2025' की शुरुआत

# शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें भारत शांतिप्रिय देश पर शांतिवादी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना का 'रण संवाद-2025' कार्यक्रम मंगलवार से महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में शुरू हुआ। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई महत्वपूर्ण सबक सीखे।

इनमें से अधिकांश पर अमल चल रहा है और कुछ को लागू भी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन अब भी जारी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी महू पहुंचेंगे। सीडीएस चौहान ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी करेंगे शिरकत



### गीता और महाभारत से युद्ध नीति की सीख

सीडीएस ने कहा कि गीता और महाभारत युद्ध नीति के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त मौर्य को विजय दिलाई। कौटिल्य और चाणक्य ने शक्ति, उत्साह और युक्ति को युद्ध नीति का मूल तत्व बताया है। उन्होंने जोर दिया कि शस्त्र और शास्त्र दोनों का संतुलन आवश्यक है।

### वाइस एडमिरल बोले

### तकनीक बनी निर्णायक कारक

नौसेना के वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि ड्रोन, आईएसआर, साइबर ऑपरेशन और सूचना युद्ध जैसे साधन यूक्रेन और गाजा संघर्ष में निर्णायक कारक रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल तकनीक को और अधिक एडवांस बनाने की जरूरत बताई। भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 'युद्ध को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों की पहचान' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने खासतौर से एआई और मशीन लर्निंग, साइबर, क्वांटम, अंतरिक्ष एवं प्रति-अंतरिक्ष तकनीक, निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) और हाइपरसोनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला।

## सीबीआई का अशोक विहार थाने पर छापा

# चिट्ठा मुंशी एक लाख की रिश्वत लेता रंगे हाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार थाने में तैनात एक हेड कांस्टेबल को कथित तौर पर एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हेड कांस्टेबल चिट्ठा मुंशी के तौर पर कार्यरत था। इस दौरान रिश्वत मांगने वाला दूसरा आरोपी एसआई मौके से फरार होने में सफल रहा। आरोप है कि एसएचओ के इशारे पर ही रिश्वत मांगी जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक एसआई विशाल और हेड कांस्टेबल राजकुमार मीणा ने शिकायतकर्ता से उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज न करने के एवज में तीन लाख रुपये की मांग की थी। हालांकि, बातचीत के बाद दो लाख रुपये पर सहमति बनी और यह आश्वासन दिया गया कि प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी तथा शिकायत पर कार्रवाई बंद कर दी जाएगी। मीणा ने सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में एक लाख रुपये कथित तौर पर मांगे थे। सीबीआई की तरफ से कहा गया कि सोमवार को जाल बिछाया गया और आरोपी हेड कांस्टेबल को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बगल के कमरे में मौजूद रिश्वत मांगने का दूसरा आरोपी एसआई को इसकी भनक लग गई और वह मौके से फरार हो गया।



- छापे के दौरान दूसरा आरोपी एसआई हुआ फरार
- एसएचओ के इशारे पर रिश्वत मांगे जाने का आरोप

### अशोक विहार थाने में रेड के बाद मचा हड़कंप

उत्तर पश्चिमी जिले का अशोक विहार थाना और डीसीपी ऑफिस एक साथ है। डीसीपी के साथ एडिशनल डीसीपी और एसीपी भी यहां बैठते हैं। इसके बावजूद भी यहां रिश्वत का मोटा खेल चल रहा था। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पुलिसकर्मियों को आज ही सस्पेंड कर दिया जाएगा। साथ ही थाने के एसएचओ का काम देख रहे एडिशनल एसएचओ की भूमिका की जांच की जा रही है।

### यह था पूरा मामला

सूत्रों से पता चला कि अशोक विहार थाने के पास ही दीप मार्केट है, जिसे सेंट्रल मार्केट भी बोलते हैं। ओम प्रकाश इस मार्केट के प्रधान है। वह अपने पास कमेटी डालते है। किसी ने उनके खिलाफ शिकायत दी थी कि उन्होंने कमेटी के रुपये उन्हें नहीं दिये। जबिक ओम प्रकाश उसे कमेटी के रुपये दे चुके थे। उसी शिकायत पर करीब एक सप्ताह पहले अशोक विहार थाने के एसआई विशाल ने ओम प्रकाश को थाने बुलाया था। ओम प्रकाश ने अपना बयान दर्ज करवायाऔर थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह से मिले। इसके बाद एसएचओ ने चिट्ठा मुंशी और विशाल को भी अपने कमरे में बुला लिया था। उन्होंने हेड कांस्टेबल राजकुमार और एसआई विशाल से कहा कि इनकी शिकायत खत्म कर दो। इस पर विशाल ने कहा कि सर ऐसे कैसे खत्म कर दें। ओम प्रकाश का आरोप है कि इस पर एसएचओ ने कहा कि अपने आदमी है कर देंगे। इसके बाद उन्होंने राजकुमार को कहा कि इन्हें अपने कमरे में ले जाओ और समझा दो। राजकुमार उन्हें अपने कमरे में ले गया। वहां ओम प्रकाश से तीन लाख की डिमांड की गई। इसके बाद ओम प्रकाश वहां से चले गये। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मी ओम प्रकाश को लगातार फोन करने लगे। इनकी कई रिकॉर्डिंग भी ओम प्रकाश ने अपने पास होने का दावा किया है। ओम प्रकाश से बाद में दो लाख में बात तय हुई थी। इस बीच एसएचओ के पिता का देहांत हो गया और छुट्टी पर चले गये। ओम प्रकाश के पास कॉल आई कि जल्दी रुपये दे दो मुझे एक लाख रुपये साइब के पास जयपुर लेकर जाने हैं। इसके बाद पीड़ित ने सीबीआई में शिकायत कर दी। सोमवार को वह एक लाख रुपये लेकर थाने पहुंच गये। जैसे ही राजकुमार ने रुपये पकड़े उसे रंगे हाथ दबोच लिया गया। भनक लगते ही विशाल फरार हो गया। ओम प्रकाश के वकील संजय शर्मा ने दावा किया है कि इस बात के पूरे सबूत है कि एसएचओ के इशारे पर रिश्वत मांगी गई थी।

## एटीएम में कार्ड बदलकर ठगी करने वाला दबोचा

- चुपके से देख लेता था पिन

**नई दिल्ली।** हरि नगर चौकी की पुलिस ने एटीएम में चीटिंग की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम कृष्णा उर्फ ऋषि बताया गया है। आरोपी शख्स एटीएम में पीछे खड़े होकर पहले चुपके से पिन देखता और बहाने से कार्ड बदल लेता था। बाद में रकम निकाल फरार हो जाता था। इसके पास से हाल ही में ठगे गये 90 हजार रुपए भी पुलिस ने बरामद कर लिये हैं।

पुलिस के अनुसार 1 अगस्त को चीटिंग की शिकायत मिली थी। मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके अकाउंट से 90 हजार निकाले गये हैं। एसीपी राजौरी गार्डन नीरज टोकस की देखरेख में एसएचओ आशु गिरोत्रा, चौकी इंचार्ज विक्रांत सिंह, एसआई श्याम, हेड कांस्टेबल सोमबीर, कांस्टेबल मनोज, दीपक और मनीष की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी तक पहुंच गई। इसके पास से पूरे 90 हजार रुपए पुलिस ने बरामद कर लिये हैं। गिरफ्तार आरोपी बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके का रहने वाला है। वह पहले भी इसी प्रकार के मामलों में शामिल रहा है।

MOHIT मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड
CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
वर्क्स : 9 किमी. पत्थर, नगीना रोड, बिजनौर, यू.पी.-246701
Ph: 011- 25886798,
Website: www.mohitpaper.in, E-Mail: investorsmohitpaper@gmail.com

33वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिये मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') का आयोजन वीडियो कांफ्रेंस ('वीसी') / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 को अप. 4.00 बजे (आईएसटी) किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने हेतु कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, सामान्य सरकुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, सामान्य सरकुलर नं. 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और नवीनतम 9/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 ('एमसीए सरकुलर्स') के साथ पठित भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("सेबी लिस्टिंग नियमनों") और कम्पनी अधिनियम 2013 ('एक्ट') के लागू प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई 2022, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023 और सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्तूबर, 2023 SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 ("सेबी सरकुलर्स") के अनुपालन में कम्पनी की एजीएम, किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना सहित कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों भेजी जाएगी जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी और रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास पंजीकृत हैं। कृपया ध्यान दें कि एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति सदस्यों को भेजने की आवश्यकता उपरोक्त संदर्भित एमसीए सरकुलर/एस और सेबी सरकुलर/एस के तहत समाप्त कर दी गई है। यद्यपि, सेबी सरकुलर के अनुपालन में, वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड कॉपी उन शेयर धारकों को भेजी जाएगी जो investorsmohitpaper@gmail.com पर हमें लिखकर इसके लिए आग्रह करेंगे। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट पर www.mohitpaper.in पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट्स www.bseindia.com पर और एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ('आरटीए') की वेबसाइट www.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध होंगे।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम की सुविधा माध्यम से एजीएम में उपस्थित रह सकते हैं और भाग ले सकते हैं और उनकी उपस्थिति को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा। वीसी के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने और इलैक्ट्रोनिक मतदान का विस्तृत तरीका हेतु निर्देश एजीएम की सूचना में प्रदान किए जा रहे हैं।

कम्पनी एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी बिजनेस मदों पर लागू प्रावधानों के अनुरूप पात्र सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा ("दूरस्थ ई-वोटिंग") और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा ("ई-वोटिंग") (सामुहिक तौर पर "इलैक्ट्रोनिक वोटिंग" के रूप में संदर्भित) प्रदान कर रही है। दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 25 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कम्पनी के सदस्य, जो या तो भौतिक रूप में या डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयर धारण करते हैं, दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम के समय ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं। सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, केवल वे ही ई-वोटिंग द्वारा एजीएम में मतदान करने के लिए सक्षम होंगे।

सदस्यों से आग्रह है कि अपने फोलियो (एस) में अपने केवाईसी अद्यतन करवाएं, अपने ई-मेल पते, और बैंक खाता विवरण इत्यादि पंजीकृत करवाएं अथवा कोई परिवर्तन, यदि आवश्यक हो, की सूचना दे सकते हैं। इनको पंजीकरण करवाने/परिवर्तन करवाने की प्रक्रिया नीचे वर्णित हैं :-

| | |
|---|---|
| फिजिकल होल्डिंग के मामले में | निर्धारित प्रपत्र आईएसआर-1 में विवरण और कम्पनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात मै. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के पास अन्य सम्बद्ध प्रपत्रों का पंजीकरण/अपडेट करें नोबल हाट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच-2 सी-1, ब्लॉक एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 फोन नं. 022-49186000, 011-41410592 ई-मेल : delhi@in.mpms.mufg.com उक्त प्रपत्र और सेबी सरकुलर (सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/37 दिनांक 16 मार्च 2023, संशोधित अनुसार) के सम्बद्ध प्रावधान कम्पनी की वेबसाइट पर लिंक www.mohitpaper.in पर उपलब्ध हैं। |
| डिमैट होल्डिंग के मामले में | कृपया अपने डीपी से सम्पर्क करें और आपके डीपी द्वारा परामर्श दी गई प्रक्रिया के अनुरूप आपके डिमैट खाते में बैंक खाता विवरण और ई-मेल पता पंजीकृत करवाएं। |

सदस्य, जो भौतिक/इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयर धारण कर रहे हैं और अपने ई-मेल पते कम्पनी/ उनकी सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत नहीं हैं, से आग्रह किया जाता है कि ऊपर संदर्भित प्रक्रिया का पालन करते हुए, एजीएम की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 समेत निवेशक संचार प्राप्त करने हेतु शीघ्रातिशीघ्र अपने ई-मेल पते पंजीकृत करवाएं।

वीसी के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के लिए एक समान प्रत्यायकों का उपयोग किया जाना चाहिए। डिपॉजिटरीज यथा एनएसडीएल और सीडीएसएल के पास इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करने वाले व्यक्तिगत सदस्यों के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने के लिए एनएसडीएल और सीडीएसएल की वेबसाइट्स के माध्यम से लॉगइन करना चाहिए। पंजीकरण के बारे में अधिक विवरण और जानकारी हेतु, कृपया एजीएम की सूचना देखें।

कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि 19 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, एजीएम की सूचना में वर्णित अनुसार निर्देशों का पालन करते हुए अथवा delhi@in.mpms.mufg.com पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, अथवा 022-49186000 पर कॉल करें।

कम्पनी इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सुविधा और वीसी सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, कम्पनी आरटीए की सेवाएं ले चुकी हैं। दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में वोटिंग से सम्बन्धित मुद्दों और आशंकाओं समेत किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप Instavote-Linkintime पर उपलब्ध इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा delhi@in.mpms.mufg.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा 022-49186000 पर कॉल कर सकते हैं।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार 20 सितम्बर 2025 से शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों को यथासमय उनके पंजीकृत ई-मेल पतों पर लागू कानूनों के अनुसार भेजी जाएंगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(तनवी जैन)
कम्पनी सचिव

दिनांक : 26 अगस्त 2025
स्थान : नई दिल्ली

# नरेला पुलिस कॉलोनी में जन सुविधाओं का है बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- महिलाओं ने डीडीए कार्यालय पर दर्ज कराया विरोध

दिल्ली देहात के नरेला सेक्टर बी-4 स्थित पुलिस कॉलोनी की पॉकेट 1 और 3 में रहने वाले पुलिस परिवार बीमारियों और बदहाल बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। मंगलवार को मुनीम जी का बाग स्थित डीडीए कार्यालय पर कॉलोनी की महिलाओं ने जोरदार हल्ला बोलकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि 12-13 साल से सड़क नहीं बनी, गंदा पानी सप्लाई में मिल रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले 12-13 सालों से कॉलोनी की सड़कें टूटी पड़ी हैं और डीडीए व एमसीडी बजट और जिम्मेदारी को लेकर आपसी झगड़े में उलझे हैं। नतीजा यह है कि कॉलोनी की गलियां दलदल और गड्ढों में बदल गई हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेंगे। महिलाओं ने कहा कि "हमारे पति दिल्ली की सुरक्षा करते हैं, लेकिन उनके परिवार असुरक्षित हैं। बच्चों को गंदा पानी पिलाकर कब तक बीमारियों के हवाले किया जाएगा?"पानी की समस्या और भी भयावह है। निवासियों ने बताया कि 40 साल पहले डाली गई पुरानी पाइपलाइन जगह-जगह से टूटी हुई है। पीने के पानी की सप्लाई में सीवर का गंदा पानी घुसकर सीधे घरों तक पहुंच रहा है। पुलिस कॉलोनी के परिवार डायरिया, टाइफाइड और त्वचा रोग जैसी बीमारियों से पीड़ति हो रहे हैं।

### पुलिसकर्मी परिवार खुद कर रहे हैं टैंक की सफाई

गंदगी की हद यह है कि कॉलोनी के टैंकों में बदबूदार पानी जमा हो रहा है। मजबूरी में पुलिसकर्मी परिवार खुद टैंक में उतरकर सफाई करने और मोटर लगाकर गंदा पानी बाहर निकालने को विवश हैं। निवासियों का कहना है कि डीडीए और एमसीडी की बेरुखी के कारण कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिस अधिकारी अपने परिवारों की बुनियादी जरूरतों के लिए खुद श्रमिक का काम करने को मजबूर हैं।

### डीडीए और एमसीडी पर आरोप

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि डीडीए और एमसीडी बजट का रोना रोकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। नालियां जगह-जगह टूटी हुई हैं और सीवर का पानी लगातार ओवरफ्लो होकर पीने के पानी में मिल रहा है। इसके बावजूद न तो पाइपलाइन बदली जा रही है और न ही टूटी सड़कों का निर्माण हो रहा है।

# जनसुनवाई शिविरों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जिला राजस्व कार्यालयों के अधीन सप्ताहांत होने वाली जन सुनवाई शिविरों को और प्रभावी व अर्थपूर्ण बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने नए आदेश जारी करते हुए कहा कि अब इन शिविरों में नामित अधिकारियों का आना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर नामित अधिकारी यदि किसी कारणवश बैठक में भाग लेने में असमर्थ हों तो उन्हें संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अब बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मसले को लेकर सरकार के डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी किया है और इसकी प्रति सभी विभागाध्यक्षों, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंट बोर्ड आदि के प्रमुखों को भी भेजी गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गत 7 अप्रैल को संभागीय आयुक्त और सभी जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए थे कि प्रत्येक राजस्व जिले में सप्ताह में कम से कम एक बार जन सुनवाई शिविर आयोजित किए जाएं और विभिन्न उप-मंडलों में अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठकें नियमित रूप से हों। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया था कि जनता से सीधे संवाद के इस महत्त्वपूर्ण मंच में केवल नामित अधिकारी ही उपस्थित हों और प्रतिनिधि अथवा अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। डिविजनल कमिश्नर की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार गत 4 जून को हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इस विषय पर पुनः जोर देते हुए कहा था कि नामित अधिकारी यदि किसी कारणवश उपस्थित होने में असमर्थ हों तो उन्हें संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### शिविरों न अधिकारियों के न पहुंचने पर जारी किया कड़ा आदेश

मुख्यमंत्री के इन निर्देशों के आधार पर डिविजनल कमिश्नर कार्यालय ने पाया कि कुछ विभागों के अधिकारी/कर्मचारी जन सुनवाई शिविरों और अंतर्विभागीय समन्वय बैठकों में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए डिविजनल कमिश्नर ने अब आदेश जारी किए हैं कि प्रत्येक विभाग उप-मंडल स्तर अथवा उपायुक्त स्तर के अधिकारियों को नामित करे, जो नियमित रूप से इन शिविरों में भाग लेंगे। आदेश में यह भी कहा गया है कि सभी जिलों में सप्ताह में एक बार जन सुनवाई शिविर और अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएंगी। डीएम द्वारा यह आदेश मुख्यमंत्री के निर्देशों और सचिव (राजस्व) की स्वीकृति के पश्चात जारी किए गए हैं।

# एडवांस सैलरी नहीं मिली तो चुरा लिये चार लाख 50 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने सेंधमारी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मुमताज बताया गया है। वह द्वारका विहार कॉलोनी, नजफगढ़ का रहने वाला है। इसने मालिक से एडवांस सैलरी की मांग की थी। लेकिन मालिक ने इंकार कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने गोदाम से साढ़े चार लाख रुपये कैश चुरा लिये थे।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार इसके पास से 3.14 लाख रुपये कैश बरामद हो गया है। दरअसल पुलिस को 20 अगस्त को नजफगढ़ इलाके में स्थित एक गोदाम के अंदर बने ऑफिस से 4.50 लाख कैश चोरी होने की शिकायत मिली थी। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की। एंटी बर्गलरी सेल की टीम को भी छानबीन में लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस टीम कई दिनों तक छानबीन करती रही और आखिरकार आरोपी के बारे में पता लगा लिया। आरोपी इसी गोदाम में काम करने वाला लोडर था, जो रात को गोदाम के आसपास देखा गया था।

# नाबालिग लड़की का पीछा करने के आरोप में युवक किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

पहाड़गंज इलाके में एक नाबालिग लड़की का कथित तौर पर पीछा करने और गंदे इशारे करने के आरोप में 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी शादाब खान बताया गया है। इस मामले की शिकायत 24 अगस्त को पुलिस के पास की गई थी।

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि वह और उसकी बहन कुछ सामान खरीदने एक दुकान पर गई थी। इसी बीच उन्होंने देखा



कि एक अनजान युवक उनका पीछा कर रहा है। घर लौटने पर लड़की को एहसास हुआ कि वही व्यक्ति स्थानीय चौक तक उनका पीछा कर रहा था, जहां उसने गंदे इशारे भी किये। बाद में जब उसके पिता ने उसे फिर से दुकान पर भेजा, तो उसने पाया कि वह युवक तब भी चौक के पास घूम रहा था और उसका व्यवहार उसे परेशान करने वाला था। उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने बाद में पुलिस को इसकी सूचना दी। पहाड़गंज थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 (पीछा करना) और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और स्थानीय स्तर पर पूछताछ के बाद आरोपी तक पहुंच गई। शिकायत दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | वर्ष 2025-2026 (ईडीसी) हेतु रोहतक में विभिन्न विभाजक रोड पर स्थापित स्ट्रीट लाइट प्वाइंट्स का वार्षिक रखरखाव (जीएसटी को छोड़कर) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.09.2025 | 74,36,208/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrik@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38002/I/88/7 दि. 26.08.25

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | भंडवारी सैनीटरी लैंडफिल साइट पर कलस्टर नं. 1, 2, 3, 4 के माध्यमिक संग्रहण स्थल से ट्रांसपोर्ट किए गए एमएसडब्ल्यू का प्रबंधन + 2 अधिक। | 21.08.2025 01.09.2025 | 193 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एम.सी.जी. के तहत वार्ड नं. 26 में सीवरेज सिस्टम, पैच वर्क और एसडब्ल्यू ड्रेन स्लैब की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 22.08.2025 29.08.2025 | 4,92,52,003/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 3 | नगर निगम गुरूग्राम | एम.सी.जी. के तहत वार्ड 5, डिवीजन-II में गांव सराय अलावारदी में सीवर लाइन बिछाना और गलियों का निर्माण + 9 कार्य। | 21.08.2025 02.09.2025 | 6,36,55,541/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/38056/I/88/7 दि. 26.08.25

# ट्रैफिक चालान के नाम पर डेढ़ लाख से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर 1.58 लाख की ठगी में शामिल रहे अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल में पहले एपीके फाइल इंस्टॉल कराई और फिर उसका मोबाइल हैक कर ठगी की रकम मल्टीपल क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर कर ली थी। आरोपी ने ठगी की रकम क्रेडिट कार्ड से नकद निकाली गई और मनी ट्रेल तोड़ने के लिए बैंक खातों में जमा कराई



गई। इसके पास से अपराध में प्रयुक्त क्रेडिट कार्ड भी बरामद हो गया है।

- साइबर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार आयुष गोयल निवासी डीयू ब्लॉक, पीतमपुरा ने शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि साइबर अपराधियों ने लंबित ट्रैफिक चालान के नाम पर उसे 1.58 लाख का चूना लगाया है। आरोपी ने एक एपीके फाइल ट्रैफिक चालान के रूप में इंस्टॉल कराई, जिससे मोबाइल हैक कर रकम निकाली। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने अमेजन प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर पीड़ित के खाते से धनराशि क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर की थी। तकनीकी निगरानी व ग्राउंड वर्क के बाद आरोपी को जालंधर से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजय कुमार की बातचीत एक समर नामक व्यक्ति से अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबर (पुर्तगाल बेस्ड) पर होती थी। समर और अजय मिलकर अपराध को अंजाम देते थे। समर ठगी की रकम अजय के क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर करता और उसे नकद निकालकर दिए गए खातों में जमा करने को कहता था ताकि मनी ट्रेल टूट सके। दोनों की आपस में कभी मुलाकात नहीं हुई थी।

हरियाणा सरकार | शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.125830DATED07.07.2025(EPC-D NO. 131/PD&C) | शुद्धिपत्र-2 के खुलने की तिथि 22.08.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 05.09.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | CH-02/NIET-01/NWD/2025-26 DATED:13.08.2025 (REFERENCE NO. 202553841BBC 15D1 4415 90A1 66CCD73AB0F1982HVP),FORREPAIRING OF3NO. 66KV1*1X1200 SQ. MMU/GXLPE POWERCABLE OF66KVNAWAD-BADROLACIRCUIT-1.(TENDER ID: 2025_HBC_465138_1) (DNIT NO:- 130889) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 29.08.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.23/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED:11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID: 2025_HBC_464495_1 20255F2A022B 71CE 4CFF8AC20629C4A210EB967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 15:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 03.09.2025 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.22/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED:11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID: 2025_HBC_464498_1 20254EFB84AC C2B74EFE9461100D5E1372EF967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 15:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमाकी अन्तिम तिथि 03.09.2025 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/38022/I/88/7 दि. 26.08.25

## खबर संक्षेप

### वकीलों का साथ देने तीस हजारी पहुंचे यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव मंगलवार को तीस हजारी कोर्ट में हड़ताल कर रहे वकीलों से मिलने पहुंचे। उन्होंने वकीलों से कहा कि कांग्रेस बिना शर्त वकीलों की मांगों का समर्थन करती है और अन्याय के विरूद्ध हर लड़ाई में आपके साथ खड़े हैं। दिल्ली के वकीलों की हड़ताल एक मजबूत मुद्दे को लेकर है उसके साथ हम खड़े है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों की कोर्ट में बिना मौजूदगी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा पुलिस थानों से गवाही की इजाजत देना कहीं न कहीं न्याय प्रक्रिया में दखलअंदाजी और दोषियों को बचाने की कार्यवाही का अंदेशा हो सकता है। क्योंकि पुलिस के रवैये और कार्यशैली पर हमेशा प्रश्नचिन्ह लगते आए हैं। यादव का तीस हजारी कोर्ट में हड़ताल पर बैठे वकीलों से मिलने के कार्यक्रम आयोजन दिल्ली कांग्रेस के लीगल और ह्यूमन राइट के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार ने अपनी टीम के साथ किया था।

### इकबाल ने शाहदरा के घोंडा क्षेत्र का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में चल रहे 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान के तहत मंगलवार को दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शाहदरा उत्तर ज़ोन के घोंडा क्षेत्र का दौरा किया। महापौर के साथ क्षेत्रीय विधायक अजय महावार, ज़ोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, पार्षद मनीषा पुनिया और उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। इस मौके पर महापौर राजा इकबाल सिंह ने स्वयं सड़क पर सफाई कर स्थानीय नागरिकों को साफ-सफाई का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छता सिर्फ निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है। हम सब मिलकर दिल्ली को कूड़े से आज़ादी दिला सकते हैं।' महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर और आसपास सफाई रखें और निगम की मुहिम में सक्रिय सहयोग करें। साथ ही, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत यमुना विहार में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### दिल्ली मेट्रो का किराया बढ़ा, आम जनता में नाराज़गी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के किरायों में हुई ताज़ा बढ़ोतरी को लेकर आम यात्रियों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। यात्रियों का कहना है कि मेट्रो अब कोई 'लग्जरी सवारी' नहीं रही, बल्कि यह मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों और आम जनता की रोज़मर्रा की ज़रूरत बन चुकी है। दिल्ली, एनसीआर से आने वाले और नियमित मेट्रो यात्री पवन सुरेका राजस्थानी, राजेंद्र कुमार आदि यात्रियों का कहना है कि जैसे पहले डीटीसी बसों के किराये बढ़ने पर जनता सड़कों पर विरोध में उतर आती थी, उसी तरह अब मेट्रो किराया बढ़ाना भी सीधे आम लोगों की जेब पर बोझ डालने जैसा है। यात्रियों ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य की तरह ही अब परिवहन भी मूलभूत आवश्यकता है। यात्रियों ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से मांग की है कि मेट्रो किराया वृद्धि पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। यात्रियों ने अपील करते हुए कहा है कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी देश के विकास के लिए सराहनीय काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि उनकी प्रेरणा से दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार भी इस मामले पर संज्ञान लेगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

## स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित घोटाले का मामला

# आप नेता भारद्वाज और अन्य के परिसरों पर ईडी ने मारे छापे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित घोटाले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत मंगलवार को पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ निजी ठेकेदारों और वाणिज्यिक रियल एस्टेट डेवलपर्स सहित कम से कम 13 स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की जा रही है। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भारद्वाज (45) के खिलाफ ईडी की जांच जून में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। एसीबी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार द्वारा स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप में भारद्वाज, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, निजी ठेकेदारों और अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसीबी के प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद आप ने उसके नेताओं को बदनाम करने के लिए एजेंसियों के खुलेआम दुरुपयोग का आरोप लगाया। एसीबी की यह शिकायत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई द्वारा पिछले साल अगस्त में 'दिल्ली सरकार के तहत विभिन्न स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में गंभीर अनियमितताओं एवं संदिग्ध भ्रष्टाचार' का आरोप लगाए जाने के बाद आई है। एसीबी की शिकायत में 'परियोजना बजट में व्यवस्थित हेरफेर, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और निजी ठेकेदारों के साथ मिलीभगत' का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2018 से 2019 के दौरान 5,590 करोड़ रुपये की 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, ये परियोजनाएं काफी हद तक अधूरी रहीं और लागत में भारी एवं बेहिसाब वृद्धि हुई। इसी तरह एसीबी अधिकारियों के अनुसार 1,125 करोड़ रुपये की आईसीयू अस्पताल परियोजना लगभग तीन साल और 800 करोड़ रुपये के खर्च के बाद भी केवल 50 प्रतिशत ही पूरी हुई है, जिसमें कुल 6,800 बिस्तरों वाली सात पूर्व-निर्मित अस्पताल शामिल हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि छापेमारी की यह कार्रवाई जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों और प्राथमिकी में लगाए गए उन आरोपों पर आधारित है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (जीएनसीटीडी) की सरकार की स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, अनुचित लागत वृद्धि, अवैध निर्माण और धन के दुरुपयोग से संबंधित हैं।

### केंद्र सरकार 'आप' के पड़ गई पीछे : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के घर हुई ईडी की रेड को लेकर भाजपा और मोदी सरकार को आड़े हाथ लिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया व अन्य नेताओं ने इस पूरे मामले को फर्जी और केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बताया। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है। जिस तरह आप को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। आप को इसलिए टारगेट किया जा रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की ग़लत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज आप की है। मोदी सरकार हमारी आवाज़ दबाना चाहती है। ये कभी नहीं होगा। आप भाजपा की इन रेडों से डरने वाली नहीं। हम हमेशा की तरह देश हित में गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाते रहेंगे।

### फर्जी डिग्री से देश का ध्यान भटकाने के लिए सौरभ के यहां हुई ईडी की रेड : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम की फर्जी डिग्री से देश के लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सौरभ भारद्वाज के यहां ईडी की रेड हुई है। उन्होंने कहा कि यह केस पूरी तरह से बेबुनियाद है, क्योंकि जिस समय का मामला (2018-19 में दिल्ली के 24 अस्पताल निर्माण परियोजनाओं का) बताया जा रहा है, उस समय सौरभ भारद्वाज मंत्री ही नहीं थे। वह दो साल बाद मंत्री बने। आतिशी ने इसे हास्यास्पद करार देते हुए तुलना की कि यह ऐसा है जैसे कोलगेट स्कैम, 2जी स्कैम, कॉमनवेल्थ गेम्स स्कैम या सीएनजी फिटनेस स्कैम जैसे कांग्रेस के समय के मामलों में पीएम मोदी या रेखा गुप्ता पर रेड डाल दी जाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने आज तक एक रुपये का भ्रष्टाचार नहीं किया और न ही करेगी।

### आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के घर पर मंगलवार को ईडी की रेड के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सौरभ भारद्वाज के घर के अंदर रेड चल रही थी और बाहर उनके समर्थन एकत्र हो गए। 'आप' कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ 'पहले लड़े थे गोरों से-अब लड़ेंगे चोरों से' के खूब नारे लगाए। इस दौरान संजीव झा ने कहा कि ईडी दावा रही है कि अस्पताल निर्माण में मंत्री रहते सौरभ भारद्वाज ने गड़बड़ी की, लेकिन उस समय वह मंत्री नहीं थे। आप नेताओं को भाजपा जितना डराने-दबाने का प्रयास करेगी, हम उतना ही उससे सवाल पूछेंगे।

## सड़क सुरक्षा संबंधी सभी डिजिटल एप्लिकेशन जल्द किए जाएं शुरू : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सड़क सुरक्षा संबंधी डिजिटल एप्लिकेशन सड़क संपत्ति मैपिंग, डार्क स्पॉट पहचान, स्ट्रीट लाइट और गड्ढों का डैशबोर्ड को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। यह आदेश मंगलवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना संस्थान (बीआईएसएजी-एन) और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक में दिए हैं। मंत्री प्रवेश ने कहा कि पीडब्ल्यूडी दिल्ली की सड़कों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये डिजिटल प्लेटफार्म हमें वास्तविक समय में निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और दीर्घकालिक समाधानों में मदद करेंगे, जिससे आम लोग हर कदम पर सुरक्षा और सुविधा का अनुभव कर सकें। बैठक में मंत्री प्रवेश ने पीडब्ल्यूडी सड़क संपत्ति मैपिंग एप्लिकेशन की समीक्षा की, जो निर्माणाधीन है। यह समाधान सभी सड़क संपत्तियों का जियो-टैगिंग के साथ डिजिटल इन्वेंट्री बनाएगा। यह पहल पारदर्शी योजना, कुशल रखरखाव और संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करेगी। यह प्रणाली एक डैशबोर्ड के माध्यम से ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण और सड़क सुरक्षा बुनियादी ढांचे में कमियों की पहचान करने में भी मदद करेगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डैशबोर्ड में विधानसभा-वार रिपोर्ट प्रदान करने की सुविधा सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक जवाबदेही और निगरानी हो सके।

## किसानों ने मुआवजा बढ़ाने की बात कही तो एडीएम बोली 'बाहर निकलो'

### किसान बोले, पॉवर ग्रिड का पक्ष लेते हुए धमका रही हैं उत्तर पश्चिम जिला की एडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- एचटी लाइन से प्रभावित किसानों ने आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी
- कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ के किसानों पर मुगेंशपुर गांव की तर्ज पर मुआवजा राशि स्वीकार करने का डाला जा रहा दवाब

उत्तर पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ के किसानों ने एचटी लाइन को लेकर पावर ग्रिड की मनमर्जी के खिलाफ चल रहे अपने आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा से जुड़े किसानों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उत्तर पश्चिम जिला की एडीएम शिमरे असाईवो बेलरोज़ तानाशाह तरीके से किसानों पर दवाब डालकर पॉवर ग्रिड का पक्ष ले रही हैं। किसानों का कहना है कि कंझावला स्थित डीएम कार्यालय में मंगलवार को किसानों से बातचीत के दौरान एडीएम ने किसानों से मुगेंश पुर गांव की तर्ज पर मुआवजा लेने का दवाब बनाया, जो बेहद अनुचित और आपत्तिजनक था।

गौरतलब है कि औचंदी में स्थापित किये जा रहे पॉवर प्लांट के लिए दिल्ली के उत्तर और उत्तर पश्चिम जिला के कई गांवों की कृषि भूमि में एचटी लाइन के टॉवर पॉवर ग्रिड ने खड़े किये हैं। किसान लंबे समय से मुआवजे के लिए आंदोलनरत हैं। मुआवजा राशि तय करने के लिए लगातार जिला प्रशासन और पॉवर ग्रिड के साथ किसानों की बैठकें हो रही हैं। इस बीच उत्तर जिला के मुगेंश पुर गांव के एचटी लाइन से पीड़ित किसानों ने दो करोड़ 67 लाख रूपये की दर से मुआवजा लेने पर सहमति जता दी। अब उत्तर पश्चिम जिला प्रशासन भी कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ के किसानों पर मुगेंश पुर के समान मुआवजा राशि स्वीकार करने का दबाव डाल रहा है, ऐसा किसानों का कहना है।

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा से जुड़े कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ के किसानों का कहना है कि दो करोड़ 67 लाख रूपये की मुआवजा राशि बिलकुल भी जायज नहीं है और बहुत कम है। किसान महिपाल लाम्बा ने बताया कि मंगलवार को एडीएम उत्तर पश्चिम जिला कार्यालय की तरफ से उन्हें मीटिंग के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में एडीएम ने किसानों की बात सुनने की बजाय पॉवर ग्रिड का पक्ष लेते हुए मुगेंश पुर गांव के लिए तय हुई धनराशि पर सहमति देने के लिए दबाव बनाया। किसानों ने इस पर आपत्ति जतायी तो उनको धमकाते हुए मीटिंग बाहर जाने को कह दिया। किसान कवंर लाल, संदीप लांबा और भूपेन्द्र राणा ने कहा कि मुगेंश पुर के समान कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ के किसानों को मुआवजा स्वीकार करने का दबाव डालना पूरी तरह अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम तीन करोड़ 20 लाख रूपये से कम मुआवजा स्वीकार नहीं करेंगे। किसान चौधरी जिले सिंह, बाली लाम्बा, जगदीश, विकास गुलिया और प्रवीण कुमार ने चेतावनी दी कि अगर उत्तर पश्चिम जिला एडीएम ने पॉवर ग्रिड का पक्ष लेते हुए किसानों के खिलाफ कोई भी कदम उठाया तो किसान सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

## दिल्ली है सुरक्षित हाथों में, आने वाले वर्षों में दिखेंगे अद्भुत परिवर्तन: सक्सेना

### एलजी और मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल विद्यालय में हरित परिवहन की पहल को बढ़ावा देने के लिए 24 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को फीता काटकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को लोधी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय में हरित परिवहन की पहल को बढ़ावा देने के लिए 24 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को फीता काटकर रवाना किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा है कि दिल्ली आज सुरक्षित हाथों में है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मात्र छह महीने में दिल्ली की हवा बदलने की दिशा में कार्य शुरू किया है, वह सराहनीय है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कहा कि प्रकृति के साथ जुड़ना ही प्रगति है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम है। स्कूलों को ईवी बसें उपलब्ध कराना सरकार की प्रदूषण के खिलाफ एक प्रभावी पहल है। इसका उद्देश्य है कि स्कूली बच्चे प्रदूषण रहित बसों में यात्रा करें और मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू की गई इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1200 छात्रों का आवागमन होगा, जिससे 400–500 निजी वाहनों का बोझ सड़कों से कम होगा। इससे न केवल प्रदूषण घटेगा, बल्कि यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी स्कूल और कॉलेज इस प्रकार की पहल करें, तो प्रदूषण की समस्या का बहुत हद तक समाधान हो सकता है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : सीएम

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करेगी, बल्कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण कम करना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल की पहल पर सरकार पहले ही कूड़े के पहाड़ हटाने, धूल नियंत्रण, वृक्षारोपण और यमुना तट-विकास जैसे कई प्रयास कर रही है। अब स्कूली बसों को इलेक्ट्रिक मोड पर परिवर्तित करना इस दिशा में एक निर्णायक पहल है। प्राइवेट व सरकारी स्कूलों की डीजल-सीएनजी बसें भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाती हैं और यदि सभी स्कूल इन्हें इलेक्ट्रिक में बदलें तो राजधानी की हवा और अधिक स्वच्छ होगी।

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए एमसीडी ने चलाया सघन अभियान : सत्या

नई दिल्ली। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सभी जोन में व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। निगम का जन स्वास्थ्य विभाग मलेरिया इंस्पेक्टर, डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर (डीबीसी) वर्कर, फील्ड स्टाफ और अधिकारियों के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर अभियान को और तेज़ कर दिया है। सभी ज़ोनों में वार्ड स्तर पर विशेष अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। लगभग 3,000 डीबीसी वर्कर और 2,000 फील्ड वर्कर मिशन मोड में सभी ज़ोनों में मच्छर प्रजनन की जांच एवं नष्ट करने का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि बीमारियों की रोकथाम के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर कार्य को और मजबूत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में 4 से 6 हैंड फॉगिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि शीघ्र और प्रभावी छिड़काव हो सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय स्तर पर एक विशेष निरीक्षण टीम का गठन किया गया है जो सभी ज़ोनों में मच्छर रोधी उपायों की प्रगति की निगरानी और समीक्षा करेगी। सभी सरकारी विभागों व उनकी इमारतों और परिसरों में मच्छरों का प्रजनन रोका जा रहा है। समिति अध्यक्ष शर्मा ने दावा करते हुए यह जानकारी दी कि बीमारियों की रोकथाम के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सभी ज़ोनों में नियमित रूप से एंटी-लार्वा उपाय किए जा रहे हैं। इस वर्ष अब तक 2 करोड़ 67 लाख 59 हजार 779 घरों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 1 लाख 37 हजार 43 घरों में मच्छर प्रजनन पाया गया। अब तक 8 लाख 79 हजार 364 घरों में कीटनाशक का छिड़काव किया गया है और यह संख्या आगे और बढ़ेगी।

### दिल्ली की सड़कों पर बसों की कोई कमी नहीं होगी : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को दिल्लीवालों को भरोसा देते हुए कहा दिल्ली में बसों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी बसों की कमी महसूस हो तो वे सीधे उन्हें सूचित कर सकते हैं। मैं स्वयं सुनिश्चित करूंगा कि इसका समाधान किया जाए। पूरी दिल्ली में अंतिम छोर तक लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बसें चलाई जा रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बस उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर तुरंत इस संबंध में शिकायत का समाधान करें।

### वेतन नहीं मिलने से नाराज सेवा नगर डिपो के अनुबंधित संवाहकों ने प्रबंधकों के खिलाफ की हड़ताल

नई दिल्ली। वेतन नहीं मिलने से नाराज अनुबंध संवाहकों ने संबंधित कंपनी प्रबंधकों के खिलाफ सेवा नगर डिपो में सुबह के समय हड़ताल की। संवाहकों का कहना है कि हमें कंपनी ने गत तीन महीने से वेतन नहीं दिया है। ऐसे में हमारे सामने अपने परिवार का गुजर बसर करना बहुत मुश्किल हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रबंधकों से कई बार अपील की जा चुकी है कि हमें अगर महीनों वेतन नहीं मिलेगा तो हमारा परिवार कैसे चलेगा। वेतन नहीं मिलने की सुरत में अधिकांश संवाहकों ने कहा हमारे पर कर्ज भी बढ़ता जा रहा है क्योंकि परिवार को चलाने के लिए पैसो की तंगी के चलते कर्ज लेने के अलावा हमारे पास कोई चारा नहीं है। वहीं इस बारे में कंपनी प्रबंधकों से बात नहीं हो सकी। संवाहकों का वेतन रोकने पर डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने इसे अधिकारों का हनन बताया है।

## 31 अगस्त तक टोल मुक्ति की मांग, प्रशासन ने दिया आश्वासन

# यूईआर-2 : मुंडका-बक्करवाला टोल पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यूईआर -2 स्थित मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाज़ा पर मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने टोल टैक्स से स्थायी छूट की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि अपने ही गांवों के बीच आवाजाही के लिए टोल चुकाना अन्यायपूर्ण है और उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर अतिरिक्त बोझ डालता है। युवा संगठन ग्राम सभा 360 और दिल्ली एनसीआर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन को लेकर समाजसेवी विजय मान ने बताया कि इस प्रदर्शन में बक्करवाला, मुंडका, रानी खेड़ा, रसूलपुर, मदनपुर डबास, हिरणकूदना, नीलवाल, टिकरी कला, मोहम्मदपुर मजरी और घेवरा समेत आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। 360 के प्रधान रामकुमार भी पहुंचे और ग्रामीणों के समर्थन में खड़े दिखे।

करीब तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने इस मामले में ग्रामीणों से एक सप्ताह का समय मांगा और समस्या हल करने का आश्वासन दिया। इस बीच मुंडका विधानसभा के भाजपा विधायक गजेंद्र दराल भी धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या हल कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय तक वादे पूरे नहीं हुए, तो वे आने वाले दिनों में विशाल आंदोलन की राह पर उतरेंगे।

### दिल्ली को ग्लोबल इनोवेशन हब बनाने के लिए रखा जाएगा 200 करोड़ रुपए का फंड : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार जल्द ही नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 बनाने जा रही है। इस पॉलिसी में आने वाली उद्यमी पीढ़ी को मजबूत करने और दिल्ली को ग्लोबल इनोवेशन हब बनाने के लिए रखा जाएगा 200 करोड़ रुपए का फंड रखा जाएगा। इस पॉलिसी का ड्राफ्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया है और सरकार ने इस पॉलिसी के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस बात की जानकारी दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम सिर्फ एक पालिसी नहीं बल्कि पूरा इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं जो दिल्ली को दुनिया का सबसे पसंदीदा स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी की स्टार्टअप सुपर पावर और विकसित भारत के विजन को मजबूती देती है। इस ड्रॉफ्ट में 18 फोकस क्षेत्रों में हेल्थकेयर, फिनटेक, एआई, मशीन लर्निंग, ग्रीन टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ई-वेस्ट मैनेजमेंट और हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी जैसी उभरती तकनीक शामिल हैं। इससे दिल्ली का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज और आने वाले कल की ज़रूरतों को पूरा करेगा। सिरसा ने कहा कि पॉलिसी को इस तरह से डिजाइन किया है कि शुरुआती दौर की हर समस्या का समाधान हो। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह ड्राफ्ट जनता की राय के लिए उपलब्ध है और 3 सितम्बर 2025 तक सभी स्टेकहोल्डर्स अपनी राय दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बीपीटीपी की टीम ने थार चालक को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बाईपास रोड़ पर थार चालक ने एक महिला को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक को काबू कर गाड़ी को बरामद कर लिया है। थाना बीपीटीपी में अरूण निवासी बाई पास रोड बडौली फरीदाबाद ने एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसकी मां सेक्टर-9 से काम करके वापिस आ रही थी तभी एक तेज गति से आ रही गाडी ने उसकी मां को टक्कर मार दी जिसमें उसकी मां की मृत्यु हो गई।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 थाना एरिया के अशोक विहार फेज-3 स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल से गिरने पर महिला की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बारिश होने से छज्जा गीला हो रखा और महिला का पैर फिसलकर वह नीचे गिर गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी अनुसार अशोक विहार फेज-3 निवासी मीनू सिंह (59 वर्ष) अपने पति व चार बच्चों के साथ रहती थी।

### ठगी करने के मामले में आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** फर्जी चालान का लिंक भेज कर 43232 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने एक आरोपी को काबू किया है। एचबीसी कॉलोनी सेक्टर-81 फरीदाबाद ने साइबर थाना सेंटल में एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 13 जुलाई को उसके पास व्हाट्सएप के माध्यम से उसके पास एक लिंक आया जिसमें लिखा हुआ था की गाड़ी का चालान पैंडिंग है। जब उसने लिंक पर क्लिक किया ।

# सर्व समाज को साथ लेकर भारत के राष्ट्र निर्माण में लगी है भाजपा: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद



सोहन पाल सिंह ने बताया भाजपा फरीदाबाद महानगर के 14 मंडलों की बैठक संपन्न

भाजपा फरीदाबाद महानगर के अंतर्गत आने वाले मुजेसर मंडल, बल्लभगढ़, जवाहर कालोनी मंडल सहित 14 मंडलों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा फरीदाबाद महानगर के जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान में बल्लभगढ़ के विधायक पं. मूलचंद शर्मा, एनआईटी के विधायक सतीश फागना, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, नीरा तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, बलदेव अलावलपुर, सुखवीर मलेरना, महामंत्री अनुराग गर्ग व कविन्द्र चौधरी, मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित 14 मंडलों के अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों, केन्द्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियां एवं जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों, सेवा पखवाड़ा के आगामी संगठन के कार्यक्रमों को विस्तृत रूप में बताया गया और संगठन को बूथ स्तर तक संगठनात्मक ओर प्रभावशाली करने का विशेष आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संसार की सबसे विराट राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है सर्वसमाज को आपस में साथ लेकर हमारे महान भारत के राष्ट्रहित और राष्ट्र निर्माण में लगी हुई है और राष्ट्र निर्माण की इस विचारधारा को धरातल पर क्रियान्वित करने में आप भाजपा कार्यकर्ता बंधुओं की मुख्य भूमिका है। सोहन पाल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु फरीदाबाद महानगर के अंतर्गत आने वाले 14 मंडलों में मंडल कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में वक्ताओं द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाएं, सेवा पखवाड़ा एवं पंच परिवर्तन और संगठन विस्तार एवं बूथ के कार्यक्रम विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंडल अध्यक्षों द्वारा मंडल की रिपोर्ट पेश की और मंडल प्रभारियों द्वारा मंडल के कार्य की समीक्षा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी इन बैठकों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध हैं। कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### सीएम सैनी जन-जन को सशक्त करने का काम कर रहे हैं

*बैठक को संबोधित करते हुए बल्लभगढ़ के विधायक पं. मूलचंद शर्मा व एनआईटी के विधायक सतीश फागना ने संयुक्त रुप से कहा कि 2014 में जबसे नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, उनके नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है और भारत का पूरे विश्व में मान बढ़ा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री के तौर पर देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी दिन-रात काम कर प्रदेश के जन-जन को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली दूरदर्शी, सशक्त और समावेशी है, जो महिलाएं युवा, किसान गरीब एवं समाज हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करती है।*

### भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे

*बैठक में जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, मंडल प्रभारी मनोज बालियान, वार्ड पार्षद रवि भगत, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, पूर्व पार्षद जगत भूरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद गिल, कुलदीप सिंह मथारू, मंडल महामंत्री दीपक विरमानी, जीत सिंह, महिला मोर्चा वीना, ज्योति कपूर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## वार्ड 31 में सलोनी शर्मा ने किया वार्ड का दौरा

# हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर बनेगा स्वच्छ: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

**खास बातें**

- गंदगी के ढेरों और खुले में पड़े सी एंड डी वेस्ट मिक्सर को हटाने के निर्देश
- सैनिटेशन कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया
- नगर निगम की तरफ से स्वच्छता अभियान जारी



निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने मंगलवार को फरीदाबाद निगम के वार्ड 31 में कई स्थानों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सी एंड डी वेस्ट को हटाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर 11 सप्ताह के हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता मिशन को और गति देने के लिए निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में फरीदाबाद निगम की तरफ से स्वच्छता अभियान लगातार जारी है, उसी अभियान को देखते हुए वार्डों में अधिकारियों द्वारा दौरा किया जा रहा है।

एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी देने बताया कि आज उन्होंने वार्ड 31 ओल्ड फरीदाबाद में सैनिटेशन कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मेहंदी गोदाम, नगर निगम ऑफिस ओल्ड फरीदाबाद के सामने तालाब रोड पॉइंट के अलावा मेट्रो स्टेशन ओल्ड फरीदाबाद के आसपास हुड्डा मार्केट सेक्टर 19 के आसपास के एरिया में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का मुआयना किया है। उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर खराब कंडीशन में टॉयलेट्स रखे हुए हैं जिन्हें उन्होंने तुरंत हटाने के निर्देश दिए और कहा की नए टॉयलेट यहां रखे जाएं ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने शहर में कई स्थानों पर सी एंड डी वेस्ट मिक्सर को हटाने के आदेश दिए हैं। इस अफसर एडिशनल कमिश्नर ने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और सभी सफाई कर्मचारी का मनोबल बढ़ाते हुए बेहतर कार्य कर सरकार के द्वारा चलाएंगे 11 सप्ताह के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के भी बाबत विस्तार से चर्चा की उन्हें पूरी मेहनत और लगन से सफाई कार्य करने के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतीश परवाल, एसडीओ सुरेंद्र खट्टर, जेई महेंद्र सिंह, सफाई निरीक्षक जगवीर चौहान, पंकज सिंगला, प्रेम वशिष्ठ सहित सेक्टर वासी मौजूद रहे।

सुभाष लांबा ने कहा-ओपीएस व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन के अगले चरण में 23 सितंबर को जिला मुख्यालयों पर होंगे धरने-प्रदर्शन

## 8वें वेतन आयोग के गठन को लेकर कर्मचारी 29 अगस्त को देशभर में करेंगे प्रदर्शन: अध्यक्ष

***फरीदाबाद।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 29 अगस्त को देशभर में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों व विश्वविद्यालयों में विरोध गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आंदोलन की अगली कड़ी में पे कमीशन के गठन, ओपीएस, रेगुलराइजेशन, निजीकरण पर रोक, लेबर कोड्स व एनसीपी की वापसी, रिक्त पदों को भरने, बकाया डीए डीआर का भुगतान आदि मांगों को लेकर 23 सितंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले और राज्य कर्मियों के बढ़ते दबाव के चलते केन्द्र सरकार ने 16 जनवरी को आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी, जिसकी अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। देश के करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स पर वेतन आयोग की सिफारिशों को पहली जनवरी 2026 से लागू किया जाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कर मामले को लटका रही है। जिससे करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लांबा व जरनल सेकेट्री ए कुमार ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के संगठन पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन केन्द्र सरकार ने ओपीएस की बजाय यूपीएस लागू करने का फैसला किया। जिसको केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों ने सिरे से नकारते हुए पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है।*

स्वर्ण व रजत पदक विजेता को बलजीत कौशिक ने किया सम्मानित

## जयदत्त ने पदक जीतकर फरीदाबाद का नाम देशभर में किया गौरवान्वित: अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद



हैदराबाद में आयोजित आईसीएन वर्ल्डवाइड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में 70 किलोग्राम भार वर्ग में संजय कालोनी बल्लभगढ़ के युवा जयदत्त ने स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर न केवल फरीदाबाद बल्कि समूचे हरियाणा का नाम देशभर में चमकाने का काम किया है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने उन्हें उनके निवास स्थान पर जाकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने पदक विजेता जयदत्त की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि इस युवा ने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर यह दिखला दिया कि अगर लक्ष्य पर मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने जयदत्त के परिजनों को भी उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और कामना की कि भविष्य में भी यह युवा ऐसे ही देश प्रदेश में पदक जीतकर फरीदाबाद का नाम गौरवांनिवत करता रहेगा। जयदत्त ने बताया कि प्रतियोगिता में 450 से अधिक एथलीट मौजूद थे। जिन्हें पछाड़ते हुए उन्होंने विजयश्री हासिल की। इस मौके पर हरदत्त शर्मा, मुकेश शर्मा, संतोष कौशिक, नेत्रपाल सिंह, शेर सिंह, नरेश कुमार, रामेश्वर गोयल आदि।

### देसी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी रासीद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने रासीद निवासी कस्बा जांहगीरबाद जिला बुलंदशहर उप्र हाल गांव बड़खल फरीदाबाद को बुद्ध बाजार सेक्टर-48 फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टा किसी अंजान व्यक्ति से 4000 रुपए में हाथरस उप्र से लेकर आया था। आरोपी स्पेयर पार्ट सप्लाई करने का काम करता है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS T1512G REG. NO. DL1GE2020-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TACEGOLCNG ENG. NO. DL1LAM6081-YOM-2024
3) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ0590-YOM-2022
4) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. UP15FT9290-YOM-2022
5) TATA MOTORS TATA_1512 REG. NO. HR38AD8794-YOM- 2022
6) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG.NO. DL1LAL5989-YOM-2023
7) EICHR_VECV EICPRO3019 REG. NO. HR38AF2892-YOM-2023
8) TATA LPT709CH REG. NO. DL1LAL2593-YOM-2023
9) MAH MMJEETO REG. NO. UP16JT6567-YOM-2022
10) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. UP15GT0151-YOM-2022
11) SWRJ_MAZDA SM_SAMRAT REG. NO UP14KT6058-YOM- 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा- 60 दिनों तक रहेगा प्रतिबंध

## बासमती धान की गुणवत्ता व निर्यात को लेकर उप्र में 11 कीटनाशकों के प्रयोग पर लगा प्रतिबंध: विकास कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन ने गाजियाबाद समेत प्रदेश के तीस जिलों में बासमती धान की गुणवत्ता एवं निर्यात को ध्यान रखते हुए 11 कीटनाशकों के समस्त प्रकार के फ़ॉर्मूला के उत्पादन, बिक्री, वितरण एवं प्रयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया दिया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मंगलवार को बताया कि गाजियाबाद में भी पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

जो 60 दिनों की अवधि तक लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन राज्य सरकार के आदेशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंध आगरा, अलीगढ़, औरेया, बागपत, बरेली, बिजनौर, बदायूं, बुलंदशहर, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, फ़िरोज़ाबाद, इटावा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड, हाथरस, मथुरा, मैनपुरी, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, कन्नौज, मुज़फ़्फ़रनगर, शामली, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहापुर और सँभल जिलों में लगाया गया है।

### इन कीटनाशकों पर लगा प्रतिबंध

- *1- ट्राइसाइक्लाजोल, 2- बुप्रोफेजिन, 3- एसिफेट, 4- क्लोरपायरीफोस, 5. टेबुकोनाजोल, 6-प्रोपिकोनाजोल, 7- थायोमेथॉक्साम,*
- *8-प्रोफेनेफोस, 9- इमिडाक्लोप्रिड, 10- कार्बेन्डाजिम, 11- कार्बोफ्यूरान*
- *उन्होंने बताया कि इन कीटनाशकों के उपयोग से बासमती धान में अधिक अवशेष स्तर (एमआरएल ) पाया जाता है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बासमती धान के निर्यात में कठिनाई उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि सभी बासमती धान उत्पादक किसानों कि उच्च गुणवत्ता एवं अवशेष-रहित धान उत्पादन हेतु एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम ) अपनाना अनिवार्य है। साथ ही, निर्यात गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबंधित कीटनाशकों का प्रयोग बिल्कुल न करें। उन्होंने आगे बताया कि नर्सरी अवस्था (0-25 दिन): बीजोपचार ट्राइकोडर्मा से करें। रोपाई के बाद (0-20 दिन): फेरोमोन ट्रैप लगाएँ, ट्राइकोडर्मा कार्ड का प्रयोग करें। टेहल अवस्था (20-40 दिन): तना छेदक/पत्तामोडक के लिए क्लोरेंट्रानिलिप्रोल / फ्लुबेंडियामाइड का प्रयोग करें।*
- *गुटका अवस्था (50-55 दिन): गर्दन झुलसा रोग के लिए एज़ोक्सीस्ट्रोबिन का प्रयोग करें।*
- *बालियाँ निकलना - फूल (60-70 दिन): केवल जैविक उत्पाद (नीम आधारित, ट्राइकोडर्मा विरिडी) प्रयोग करें।*
- *दूधिया - पकने की अवस्था (70-110 दिन): किसी भी प्रकार का छिड़काव न करें, उचित सिंचाई एवं पोषण प्रबंधन अपनाएँ। अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी के मोबाईल नंबर 7839882568 पर भी संपर्क कर सकते है।*

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत 35 पीओ व बेलजंपर सहित 119 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्रात

ऑपरेशन आक्रमण के तहत गुरुग्राम पुलिस की टीमों ने 35 पीओ व बेलजंपर सहित 119 आरोपियों को काबू किया। वहीं पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, गांजा, चाकू व नकदी बरामद की।

प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार गुरुग्राम पुलिस के डीसीपी की देखरेख में मंगलवार की सुबह छह घंटे ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिसमें गुरुग्राम कमिश्नरी की सभी क्राइम ब्रांच, थाना प्रभारी, पुलिस चौकी प्रभारियों सहित कुल 186 पुलिस टीमों ने चोरी करने वाले आरोपियों, अवैध शराब रखने/बेचने वालों, अवैध मादक पदार्थ रखने/बेचने वालों, जुआ खेलने/खिलाने वालों, वांछित अपराधियों, साईबर ठगी सहित विभिन्न अपराधों में



संलिप्त/सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की। इस विशेष अभियान में गुरुग्राम पुलिस के कुल 879 पुलिस कर्मचारियों/अधिकारियों की कुल 186 पुलिस टीमें गठित की गई। जिन्होंने सुबह करीब छह बजे से दोपहर 12.00 बजे तक एक ही समय पर एकजुट होकर विभिन्न स्थानों पर ऑपरेशन आक्रमण के तहत अपराधियों/अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 35 उद्घोषित अपराधियों/जमनोत्तर अपराधियों व विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त/सक्रिय कुल 119 आरोपियों को काबू किया। पुलिस द्वारा इस ऑपरेशन के दौरान विभिन्न प्रकार के अपराधों में संलिप्त अपराधियों को काबू करके उनके खिलाफ कुल 48 केस दर्ज किए गए। पुलिस टीमों ने चोरी करने के मामले में दो आरोपी, सेंधमारी के मामले में दो आरोपी, वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी, हत्या करने के मामले में एक आरोपी को व अन्य अपराधिक अभियोगों/मामलों में संलिप्त 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं गुमशुदा/लापता हुई दो लड़कियों को भी ढूंढा गया।

### पुलिस कमिश्नर का कहना

ऑपरेशन आक्रमण को लेकर पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने व अपराधों पर लगाम लगाने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाती है। भविष्य में भी इस प्रकार से अभियान जारी रहेंगे। गुरुग्राम पुलिस लोगों से अपील करती है कि सदैव कानून की पालना करें और किसी भी प्रकार के अपराध व अपराधी की जानकारी होने पर उसकी सूचना तुरन्त किसी भी माध्यम से पुलिस को अवश्य दें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अक्षय दास उर्फ सन्नी पुत्र** मोंटू दास **निवासी** ए–85, गली नं0–5, ईस्ट लक्ष्मी मार्केट, ईस्ट गुरु अंगद नगर, प्रीत विहार, दिल्ली, ने **E-FIR No. 45332/2019, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र नगर, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 45332/2019, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन राजेन्द्र नगर, सैंट्रल जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अक्षय दास उर्फ सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (सैंट्रल),
कमरा नं0–150, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11135/CD/2025
(Court Matter)

## भाजपा छांयसा मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न

# भारतीय जनता पार्टी में मिलता है कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान: उपाध्यक्ष अलावलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

भाजपा छांयसा मंडल की संगठनात्मक बैठक मच्छगर गांव में आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बलदेव सिंह अलावलपुर एवं जिला उपाध्यक्ष लखमीचंद भारद्वाज उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता छांयसा मंडल के अध्यक्ष रिंकू सैनी ने की।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बलदेव सिंह अलावलपुर ने भाजपा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व



जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अलावलपुर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का सबसे ज़्यादा सम्मान किया जाता है और किस कार्यकर्ता को कितनी बड़ी जिम्मेदारी मिल जाए यह भाजपा में ही संभव है।

### विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है

*अलावलपुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं क्रियान्वित कर रही है सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति पर नीतियों का लाभ पहुंचा रही हैं और देश और प्रदेश उन्नति के शिखर पर पहुंच रहा है। अलावलपुर ने कहा कि फरीदाबाद के लोकप्रिय सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी की कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में फरीदाबाद लोकसभा के अंदर विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, जिला उपाध्यक्ष लख्मीचंद भारद्वाज, विनोद भाटी, मंडल अध्यक्ष रिंकू सैनी, मनोज भाटी, पार्षद प्रदीप टोंगर, पार्षद जसवंत पंवार, भूपेन्द्र रावत, प्रभु रावत दोनों महामंत्री हितेश कौशिक, हरप्रसाद नागर एवं छायंसा मण्डल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (लगभग) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 12, फरीदाबाद में एनएच-3 मस्जिद चौक पर आरएमसी एम-25 स्लिप रोड्स का निर्माण करके इंटरसेक्शन प्वाइंट्स को चौड़ा करना + 7 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 1,49,18,031/- | https://etenders.hry.nic.in | 9599780888 mcfamrul1@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 22 न्यू, फरीदाबाद में वर्षा ऋतु के दौरान दैनिक शिकायतों के निपटान के लिए डीजल, ट्रैक्टर और लेबर सहित ट्रैक्टर माउंटेड ड्राइवन वाटर पम्प को किराये पर लेना + 21 कार्य। | 22.08.2025 29.08.2025 | 3,36,48,881/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 mcfamrut1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37999/1/88/7 दि. 26.08.25

**खबर संक्षेप**

### यूपी में पांच आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में पांच आईपीएस अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। आईपीएस एमके



बशाल को पुलिस महानिदेशक/ महासमादेष्टा, होमगार्ड लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है। वह यूपी पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड में पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे।जय नरायन सिंह को यूपी पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्ति दी गई है।

### शिशु का शव गोद में ले कलेक्ट्रेट पहुंची महिला

**लखीमपुर खीरी।** यहां नवजात के शव को झोले में लेकर डीएम कार्यालय पहुंचने के मामले के बाद



मंगलवार को शाहजहांपुर में एक महिला बच्चे का शव गोद में लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंच गई। उसने आरोप लगाया कि महिला पुलिसकर्मी के धक्का देने से उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई है। प्रशासनिक अधिकारी ने महिला को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा है।

### इंजीनियर ने हाथ की नस काटकर दी जान

**लखनऊ।** यहां गोमतीनगर के विरामखंड में रहने वाले 42 साल के इंजीनियर अतुल तिवारी ने हाथ



की नस काटकर जान दे दी। उनका शव घर की पहली मंजिल पर पड़ा मिला। शव तीन से चार दिन पुराना है। उधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।पुलिस के अनुसार मृतक का पत्नी से विवाद चल रहा था।

अमित शाह पर की थी टिप्पणी

## राहुल गांधी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी

एजेंसी ▸▸ रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चाईबासा कोर्ट में चल रहे मामले को रद्द करने की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने दो सप्ताह बाद सुनवाई निर्धारित की। वर्ष 2018 में राहुल गांधी ने भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसके बाद भाजपा नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा के कोर्ट में मानहानि का मामला चलाने के लिए शिकायतवाद



दायर किया। अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी गई थी, लेकिन चाईबासा की अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया।

# जो दल इंडिया गठबंधन में नहीं वो भी करें मेरी मदद

उप राष्ट्रपति पद के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को लखनऊ आए। यहां उन्होंने सभी दलों के सांसदों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया और सपा संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव से बहुत कुछ सीखा है।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उप राष्ट्रपति पद के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सांसदों का समर्थन मांगने लखनऊ आए। यहां प्रदेश सपा मुख्यालय पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जो दल इंडिया गठबंधन में नहीं हैं, वे भी उनकी मदद को आगे आ रहे हैं। यह राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक पद है, इसलिए सभी दल उनका समर्थन करें। वे संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव खड़े रहेंगे। रेड्डी ने कहा कि विपक्षी दलों ने मुझ पर विश्वास रखकर उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है। इसके लिए वे सभी के आभारी हैं। चुनाव में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के साथ जो दल गठबंधन में नहीं हैं, वे भी मदद देने के लिए आगे आ रहे हैं। मैं उत्तर प्रदेश में सांसदों का समर्थन मांगने के लिए आया हूं। रेड्डी ने कहा- उप राष्ट्रपति का कार्यालय राजनीतिक कार्यालय नहीं है। यह एक उच्च संवैधानिक कार्यालय और दायित्व है। संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि इसके साथ मेरी यात्रा 1971 में बार के साथ शुरू हुई थी। मैं संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा हूं।



उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी बोले

रोजगार महाकुंभ में योगी का ऐलान

# यूपी में हर युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी, सरकार उठाएगी अतिरिक्त खर्च

सीएम योगी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन रहा है जहां प्रत्येक कामकाजी युवा के लिए न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जा रही है। सीएम ने बताया कि प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है, जिसकी प्रतिभा की मांग अब वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में घोषणा की है कि प्रदेश में कार्यरत हर युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कोई भी कंपनी या नियोक्ता अपने कर्मचारियों का शोषण नहीं कर सकेगा। नियुक्ति करने वाले संस्थानों को न्यूनतम वेतन देना अनिवार्य होगा और इसके अतिरिक्त होने वाले खर्च की जिम्मेदारी सरकार संभालेगी। सीएम योगी ने कहा कि यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की स्थिरता और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। आज मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में तीन दिवसीय “रोजगार महाकुंभ 2025” का शुभारंभ किया।




### पलायन से अवसर की ओर बढ़ा प्रदेश

*मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि कभी पूरा गांव रोजगार की तलाश में प्रदेश छोड़ देता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने अंदर ही रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प से जुड़ा है। सीएम ने कहा कि युवाओं को उनकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप काम मिलना बेहद आवश्यक है और जहां भी उन्हें अवसर मिला, उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पहचान बनाई है।*

### न्यूनतम वेतन की गारंटी देने वाला यूपी पहला राज्य

*सीएम योगी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन रहा है जहां प्रत्येक कामकाजी युवा के लिए न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जा रही है। सीएम ने बताया कि प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है, जिसकी प्रतिभा की मांग अब वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है। जो प्रदेश कभी रोजगार के अभाव में पलायन के लिए बदनाम था, वही आज अवसर प्रदान करने वाला केंद्र बन गया है।*

### 8.5 लाख सरकारी नियुक्तियां हुईं पारदर्शी प्रक्रिया से

*मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में 8.5 लाख युवाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इनमें पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लोक निर्माण विभाग और विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां शामिल हैं। इतनी कम अवधि में इतने बड़े पैमाने पर नौकरी देने वाला प्रदेश, देश में सबसे आगे खड़ा है।*

### 15 लाख करोड़ का निवेश और 60 लाख युवाओं को रोजगार

*सीएम योगी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने 33 से अधिक सेक्टोरियल नीतियां लागू कीं। इन्वेस्ट यूपी पोर्टल, निवेश मित्र और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी व्यवस्थाओं के कारण पारदर्शिता आई और नतीजे के रूप में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जमीन पर उतरा। इसके जरिए लगभग 60 लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।*

बिहार चुनाव से पहले हलचल

## पटना में मोदी के मंत्री से मिल नीतीश कुमार दिल्ली रवाना

एजेंसी ▸▸ पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीएम के दिल्ली दौरे से सियासी हलचल तेज हो गई है। आगामी विधानसभा चुनाव के अलावा उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी उनकी भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ चर्चा हो सकती है। दिल्ली जाने से पहले पटना में नीतीश ने नरेंद्र मोदी कैबिनेट में मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से अपने आवास पर मुलाकात की।

### नीतीश दो दिन राष्ट्रीय राजधानी में रहेंगे

*जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीएम नीतीश कुमार मंगलवार शाम को पटना से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी दिल्ली गए हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश दो दिन राष्ट्रीय राजधानी में रहेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार नीतीश का दिल्ली जाने का कार्यक्रम अचानक तय हुआ। इससे सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।*

### नीतीश से मिलने पहुंचे धर्मेंद्र प्रधान

*केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को बिहार दौरे पर रहे। सुबह वे पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे। नीतीश और धर्मेंद्र प्रधान के बीच राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। धर्मेंद्र प्रधान ने इसके बाद ज्ञान भवन में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा के बिहार यूथ कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं।*

## पेज एक का शेष

### संघ का उद्देश्य देश को ...

समाप्त हो गया। सावरकर जी उस लहर के एक दैदीप्यमान रत्न थे। वह लहर अब मौजूद नहीं है और उसकी ज़रूरत भी नहीं है, लेकिन वह लहर देश के लिए जीने-मरने की प्रेरणा थी। 1857 के विद्रोह के बाद, कुछ लोगों ने आज़ादी हासिल करने के लिए राजनीति को हथियार बनाया और इस नई लहर का नाम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रखा गया। इससे कई राजनीतिक दल निकले। उन्होंने आज़ादी के अपने लक्ष्य को हासिल किया... अगर उस आंदोलन ने, उस लहर ने आज़ादी के बाद भी उस तरह से प्रकाश डाला होता जैसा उसे होना चाहिए था, तो आज तस्वीर बिल्कुल अलग होती। मोहन भागवत ने कहा कि हम इस वर्ष 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, लेकिन इस तरह के संगठन का विचार डॉक्टर साहब के मन में 1925 से कई साल पहले ही पनप गया था। उस विचार ने आकार लिया और 1925 की ‘विजयदशमी’ के बाद डॉक्टर साहब ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए एक संगठन था। जो कोई भी हिंदू के रूप में पहचाना जाना चाहता है, उसे देश का एक जिम्मेदार नागरिक होना होगा। यह एक जिम्मेदार समुदाय है क्योंकि हमें यह पहचान बहुत पहले मिल गई थी। मोहन भागवत ने अवैध धर्मांतरण पर समाधान पेश किया कि पिछले 40 हजार साल से सभी भारतीयों का डीएनए एक है। वे किसी भी धर्म और पूजा-पद्धति को मानते आए हों, उनका अंतिम लक्ष्य एक ही होता है। इसी तरह अलग-अलग धर्मों को मानने वाले भी भारतीय हैं और वे हिंदू राष्ट्रीयता के अभिन्न अंग हैं। ऐसे में धर्मांतरण की कोई आवश्यकता ही नहीं है। सभी अपने धर्मों को स्वीकार करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने चार बार...

की थीं। जर्मनी के समाचारपत्र की रिपोर्ट की हेडलाइन हालांकि बेहद आकर्षक है। जिसमें लिखा है ‘ट्रंप कॉल करते हैं लेकिन मोदी जवाब नहीं देते (ट्रंप कॉल्स बट मोदी डज नॉट आंसर)’। इस मामले को लेकर हालांकि अभी तक भारत या अमेरिका की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। यहां बता दें कि ट्रंप ने अपने एक कार्यकारी आदेश के जरिए भारत पर यह 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें से 25 फीसदी 7 अगस्त से ही लागू हो चुका है और बाकी बचा हुआ 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू हो जाएगा।

**जारी हुआ अमेरिका का ड्राफ्ट नोटिस :** उधर, अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ के क्रियान्वयन की योजना को लेकर एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने बीते सोमवार को इस नोटिस आदेश को आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया है। जिसके मुताबिक, यह बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों या सामान पर लगेगा। जो अमेरिका में 27 अगस्त 2025 को ईस्टर्न डेलाइट टाइम (ईडीटी) के हिसाब से रात 12 बजकर 1 मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए देश में लाए गए या गोदाम से निकाले गए हैं।

### रूस के साथ युद्ध खत्म...

निकालने के भारत के पुराने पक्ष को मजबूती के साथ दोहराया था। साथ ही उन्होंने दोनों पक्षों के बीच शांति बहाली के लिए चल रहे तमाम प्रयासों को अपना समर्थन देने की भी बात कही थी। बताते चलें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति की यह पोस्ट एक ऐसे समय में सामने आई है। जब यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद को लेकर नाराज अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ 27 अगस्त से पूर्णतः लागू होने वाला है।

**पीएम का दिया पत्र साझा किया :** राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने बीते 24 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उन्हें भेजा गया एक पत्र भी अपनी पोस्ट में साझा किया। जिसमें भारत के स्वतंत्रता दिवस को लेकर दी गई बधाई के लिए पीएम ने उन्हें धन्यवाद दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री की बीते वर्ष में की गई राजधानी कीव की यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरान मोदी ने कहा था कि वह हमारे आपसी लाभप्रद सहयोग को मजबूत बनाने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने इस दौरान भारत-यूक्रेन द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की थी। पीएम ने ये भी कहा था कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहेगा और इसे लेकर जारी प्रयासों में हर संभव सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे इस विवाद का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकल सकेगा।

### मध्यप्रदेश देश का....

टन का उत्पादन संभावित है। पिछले 4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 21-22 में प्रदेश में 1,10,964 हेक्टेयर में किसानों ने टमाटर की खेती की। जो वर्ष 24-25 में बढ़कर 1 लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर हो गया है, जो बाजार में टमाटर की मांग और प्रदेश के टमाटर की पहचान का ही परिणाम है। मप्र के टमाटर की महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बहुत मांग है। किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाओं का परिणाम है कि टमाटर का उत्पादन सब्जियों में सर्वाधिक 28.92 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 15.02 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। मप्र में उद्यानिकी फसलों का कुल रकबा 26 लाख 91 हजार हेक्टर में से प्रदेश में किसानों की ओर से 12 लाख 40 हजार हेक्टेयर में 245 लाख 98 मीट्रिक टन सब्जी का उत्पादन कर देश में तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

**टमाटर के बीज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही :** कुछ वर्षों से किसानों में टमाटर उत्पादन के प्रति आकर्षण बढ़ा है। राज्य सरकार भी टमाटर के बीज 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। टमाटर पर आधारित लघु उद्योगों की संख्या भी बड़ी है। पीएमएफएमई योजना से किसानों को फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट लगना आसान हुआ है। सब्जियों फसलों में टमाटर, धनिया और लहसुन के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

### लैंडस्लाइड की वजह...

कार्य शुरू कर दिया। ट्रैक पर मौजूद श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर अलर्ट मोड पर है। भूस्खलन की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें ट्रैक पर फैला मलबा और चट्टानें साफ दिखाई दे रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। जो श्रद्धालु यात्रा पर हैं, उन्हें सुरक्षित स्थलों पर ठहराया गया है। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट सेवा ठप है।

### पीएम की चीन यात्रा से पहले...

के दौरान समूह देश सीमापार आतंकवाद की कड़ी निंदा करेंगे। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की समूह के अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों (चीन, रूस के राष्ट्रपति) के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। लेकिन यह किन नेताओं के साथ होंगी। अभी उस बारे में मंत्रालय की तरफ से जानकारी देना संभव नहीं है। क्योंकि बैठकों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। उधर, चीन के मीडिया में यह दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

**एक मंच पर साथ नजर आएंगे मोदी-शरीफ :** गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की चीन में उपस्थिति बेहद खास इसलिए भी रहने वाली है। क्योंकि एक ओर वह चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में 2020 में शुरू हुए एलएसी विवाद के दौरान हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद पहली बार चीन की यात्रा करेंगे। वहीं, दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर के बाद होने वाली पीएम की चीन की इस यात्रा में शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भी मौजूदगी रहेगी। दोनों पहली बार एक साथ एससीओ के मंच पर नजर आएंगे। हालांकि पीएम मोदी और शहबाज शरीफ के बीच किसी तरह की बात-मुलाकात की कोई संभावना नहीं है। पाकिस्तान के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी एससीओ सम्मेलन के दौरान मौजूद रहेंगे।

**इन तीन बुराइयों से मुकाबले का है लक्ष्य :** विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा कि नई दिल्ली एससीओ सदस्य देशों और भागीदारों के साथ इस बाबत काम करने में लगी हुई है। जिससे सम्मेलन के घोषणापत्र में आतंकवाद की सख्त लहजे में निंदा की जाए। उन्होंने कहा कि एससीओ की स्थापना के प्राथमिक लक्ष्यों में जिन तीन बुराइयों से मुकाबला करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उनमें आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरता मुख्य हैं। जो आज भी चुनौती के रूप में बरकरार हैं। हालांकि क्षेत्र की सुरक्षा समूह की प्राथमिकता है और वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में हुए एससीओ सम्मेलन के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान में आतंकवाद, कट्टरवाद और चरमपंथ का न केवल कड़े लहजे में निंदा की गई थी। बल्कि इसके खिलाफ मुकाबला करने के तथ्य को भी समूह ने एकजुटता से स्वीकार किया था।

**अंतिम घोषणापत्र पर काम जारी :** तन्मय लाल ने ये भी कहा कि जहां तक एससीओ शिखर सम्मेलन के अंत में जारी किए जाने वाले घोषणापत्र का सवाल है। तो उस संबंध में अभी फिलहाल काम जारी है और इसे अंतिम रूप देने की कवायद चल रही है। घोषणापत्र के मूल विषय यानी टेक्स्ट को लेकर भारत एससीओ के बाकी देशों और भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। जिसमें हमारा मकसद यह है कि समूह द्वारा आतंकवाद और खासतौर पर सीमापार आतंकवाद की कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

**पहले की बैठकों में हाथ लगी निराशा :** यहां बता दें कि पूर्व में एससीओ की अन्य बैठकों (रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री स्तर की) में संभवतः चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत की वजह से पहलगाम आतंकी हमले के मामले को समूह के साझा घोषणापत्र में जगह नहीं दी गई थी। जिसे लेकर भारत ने अपनी सख्त नाराजगी जताई थी। इतना ही नहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान इस बाबत तैयार किए गए समूह के दस्तावेज के प्रारूप पढ़कर उस पर हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया था। जिसकी वजह से बैठक के अंत में साझा घोषणापत्र जारी नहीं किया जा सका।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति का पक्षधर भारत :** विदेश सचिव ने बताया कि पीएम अपनी जापान यात्रा में टोक्यो में आयोजित किए जाने वाले भारत-जापान के 15 वें वार्षिक सम्मेलन में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शामिल होंगे। दोनों शीर्ष टोक्यो के बाहर भी मुलाकात करेंगे। पीएम की ये जापान यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग के नए आयाम खोलेगी। साथ ही दोनों देश हिंद प्रशांत क्षेत्र और उसके बाहर शांति, समृद्धि और स्थिरता को लेकर बनी हुई अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराएंगे। बीते करीब सात वर्षों में प्रधानमंत्री की यह पहली जापान यात्रा होगी। जो कि पूरी तरह से द्विपक्षीय एजेंडे पर केंद्रित होगी। वहीं, 2014 में पहली बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी आठवीं जापान यात्रा होगी। दोनों देश कई मुद्दों पर साझा मूल्य, विश्वास और सामरिक दृष्टिकोण रखते हैं। साथ ही एशिया के दो बड़े लोकतंत्र और दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भी भारत और जापान शामिल हैं। बीते एक दशक और उसमें बनीं आकांक्षाओं से हमारे संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। दोनों शीर्ष नेताओं की आगामी वार्ता में क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मामलों पर भी विचार साझा किए जाएंगे। आपसी संबंधों की व्यापक समीक्षा, विभिन्न क्षेत्रों में बीते वर्षों में हुई प्रगति को जांचने का भी इससे मौका मिलेगा। भारत-जापान संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने और उभरते हुए अवसरों और चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कुछ नए कदमों को लांच किया जाएगा।

### राजद-कांग्रेस में खिंची...

हो गई है।

**तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करने में असमंजस :** जानकारी के मुताबिक, राजद की ओर से यह दबाव था कि बिहार में विपक्षी गठबंधन की रैली में तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया जाए। राजद का मानना है कि राज्य में उनकी सबसे मजबूत पकड़ है और 2020 विधानसभा चुनाव में उन्होंने गठबंधन को लीड करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। हालांकि, कांग्रेस इस मुद्दे पर राजद से सहमत नहीं है। कांग्रेस का तर्क है कि अभी विधानसभा चुनाव में समय है, ऐसे में जल्दबाज़ी में सीएम चेहरे की घोषणा करना रणनीतिक रूप से ठीक नहीं होगा। कांग्रेस यह भी चाहती है कि चेहरे का फैसला आपसी सहमति और व्यापक विपक्षी नेतृत्व के साथ परामर्श के बाद हो, न कि किसी एक दल के दबाव में।

**कन्विक्ट हो सकते हैं तेजस्वी, सावधान है कांग्रेस :** इसके पीछे की रणनीति ये भी है कि तेजस्वी के ख़िलाफ़ वोट के बदले जमीन मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दिया है। कांग्रेस रणनीतिकारों का मानना है कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा अभी घोषित करते ही उन पर आरोप तय कर उन्हें ‘कनविक्ट’ किया जा सकता है इसलिए अच्छा रहेगा कि चुनाव के बाद मौजा मिला तो वे सीधे सीएम बनें । सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी महागठबंधन के बीच सीट बंटवारे से पहले तेजस्वी को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने से स्टीयरिंग पर वो चले जाएँगे तब सीटों पर सहमति लेना आसान नहीं होगा। कांग्रेस इस चुनाव में जीतने की संभावना वाली सीटें लेना चाहती है इसलिए पिछली बार की 70 सीटों पर लड़कर महज़ 19 सीट लाने के बजाए 55-60 वैसी सीटों पर कांग्रेस का फोकस है जहाँ से उनके विधायकों की संख्या बढ़े। ये मोलभाव तभी संभव है जब तक तेजस्वी के “सीएम फेस” की औपचारिक घोषणा नहीं हो ! उधर राजद खेमे में इस बात को लेकर बेचैनी है की तेजस्वी को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं किया गया तो यादव वोट बैंक दरक सकता है। सूत्रों का मानना है, यही वजह है की राजद ने पटना की प्रस्तावित रैली से ख़ुद को अलग कर कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया है।

### शांति चाहिए तो ...

भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और यह एक शांतिप्रिय राष्ट्र है। लेकिन किसी भ्रम में न रहें, हम शांतिवादी नहीं हो सकते। उन्होंने उद्धरण देते हुए कहा कि यदि आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। उन्होंने ‘युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव’ विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भविष्य के युद्धक्षेत्र किसी सीमा को नहीं पहचानेंगे। इसलिए सभी सेनाओं को मिलकर त्वरित और निर्णायक प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। उन्होंने एआई, साइबर और क्वांटम तकनीक को संयुक्त प्रशिक्षण के साथ जोड़ने पर बल दिया और कहा कि संयुक्त कौशल ही भारत के सैन्य परिवर्तन की नींव है।

**बरेली में छांगुर जैसे गैंग का पर्दाफाश**

## मदरसे में करने वाले थे शिक्षक का खतना, मौलाना समेत 4 गिरफ्तार



एजेंसी ▸▸ बरेली

बरेली में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की तरह धर्मांतरण कराने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने मदरसा संचालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना अब्दुल मजीद नाम का शख्स बताया गया है। यह गिरोह लोगों को लालच देकर उनका धर्मांतरण करता था। आरोपियों से धार्मिक पुस्तकें, सीडी, शैक्षिक दस्तावेज, पासपोर्ट, बैंक पासबुक, आधारकार्ड आदि बरामद हुआ है। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर इस गिरोह का खुलासा किया। अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र की निवासी अखिलेश कुमारी ने भुता थाने में गांव फैजनगर निवासी अब्दुल मजीद, महमूद बेग, सलमान और आरिफ व एक अन्य के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि इन लोगों ने उनके दृष्टिबाधित पुत्र प्रभात उपाध्याय को शादी का प्रलोभन दिया। उसे जबरन फैजनगर स्थित मदरसे में रोक रखा है। उसका धर्मांतरण करना चाहते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### मदरसे में करते थे धर्मांतरण

*एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि 25 अगस्त को भुता थाने की पुलिस टीम फैजनगर स्थित मदरसा में पहुंची। वहां चार-पांच लोग एक प्रभात को घेरे बैठे थे। प्रभात के खतना की तैयारी चल रही थी। उसे हामिद बनाया जाना था। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर धर्मांतरण करने से रोका। तलाशी के दौरान प्रभात के पास 10 पुस्तकें बरामद हुईं। 12 सीडी जिनमें धार्मिक व जाकिर नाइक के वीडियो हैं। पुलिस ने आरोपियों से धर्मांतरण के तीन प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, आधार कार्ड आदि दस्तावेज बरामद किए हैं।*



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style



# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।



## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## विधानसभा में तीसरे दिन भी जमकर शोर गुल

# कानून-व्यवस्था पर हंगामा : धमकी, हत्या, फिरौती व महिला अपराध के मुद्दे गूंजे, नोकझोंक के बाद विपक्ष का वॉकआउट

**कांग्रेस विधायक भुक्कल बोलीं, रोजाना 3 हत्याएं, 5 रेप हो रहे, सरकार की आंखें बंद** | **पूर्व सीएम हुड्डा बोले, मनीषा कांड में भाऊ गैंग की कॉल आई, प्रदेश में अपराध बढ़े** | **सीएम बोले, हुड्डा राज में रोहतक के थाने में रेप हुआ, 40 दिन तक भटकती रही पीड़िता**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को कानून व्यवस्था को लेकर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। कांग्रेस और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि हरियाणा में रोजाना 3 मर्डर और 5 रेप हो रहे हैं। केंद्र सरकार हरियाणा को सबसे सुरक्षित बताती है, जबकि प्रदेश सरकार आंखें बंद करके बैठी है। उन्होंने मनीषा मौत मामला और हिमानी नरवाल मर्डर केस का भी जिक्र किया। वहीं, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मनीषा कांड में भाऊ गैंग की कॉल आई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हरियाणा में अपराध बढ़ रहा है। इस पर सीएम नायब सिंह सैनी ने जवाब देते हुए कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा सदन के वरिष्ठ नेता हैं। ममैं आपको बताना चाहता हूं कि जो आपके विधायकों ने काम किया है। ये मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, मैं तथ्यों पर बात कर रहा हूं। 10 अप्रैल 2008 को पुलिस थाना रोहतक में एक महिला का 5 पुलिसकर्मियों ने थाने के अंदर ही रेप कर दिया, जहां के आप मुख्यमंत्री थे। 40 दिन तक वह महिला शिकायत के लिए दर-दर भटकती रही, उसकी व्यथा किसी ने नहीं सुनी। बतरा जी, आप तो उस समय कानों में रुई डाल लेते थे। हमारे कार्यकाल पर उंगलियां उठाई जा रही हैं। अखबारों में रोज उस महिला की पीड़ा सुर्खियां बनने लगी तो 31 मई 2008 को एफआईआर हुई। जब मुख्यमंत्री सैनी कानून व्यवस्था पर विस्तार से जवाब दे रहे थे, को कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए सदन की कार्यवाही समाप्त होने से बीस मिनट पहले ही वाकआउट कर गए।

### ढांडा का कांग्रेस पर हमला

#### कांग्रेस काल में ज्यादा अपराध

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने अपनी सरकार के वक्त के आंकड़े रखे साथ ही कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में होने वाले अपराधों के बारे में कांग्रेस के लोगों को बताना व आंकड़े रखने चाहिए। ढांडा ने कांग्रेस की सरकार भूपेंद्र हुड्डा के समय की दस साल की सरकार की याद दिलाई और कहा कि साइबर अपराधों को छोड़कर बात करें, तो सभी अपराध कांग्रेस शासनकाल के दौरान ज्यादा रहे हैं।



#### बतरा व ढांडा में तकरार

कांग्रेस की ओर से बीबी बतरा ने भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए, तो संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा और उनके बीच में खासी नोकझोंक हुई। बत्रा ने कहा कि शादियों में प्राइवेट सुरक्षा लेनी पड़ रही है। इस दौरान शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल खड़े हो गए और दोनों के बीच इस दौरान खासी बहस हुई।

#### गलत आंकड़े पेश नहीं करें कांग्रेसी

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने झूठे आंकड़े पेश किए जाने के आरोप लगाए, शराब के ठेकों को लेकर कहा कि कांग्रेस की ओर से आंकड़े रखे हैं, वो पूरी तरह से निराधार हैं। उन्होंने कहा कि जितने ठेके बताए जा रहे हैं, उतने तो पूरे प्रदेश में नहीं हैं। 26 सौ शराब ठेकों को लेकर गलत जानकारी पर ढांडा ने लिखित में माफी लेने की बात कही।

### हरियाणा में अपराधियों की कोई हैसियत नहीं, केवल कानून की हुकूमत चलेगी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इस नीति की घोषणा उन्होंने 18 अक्टूबर, 2024 को प्रथम मंत्रिमंडल बैठक के बाद ही कर दी थी। उस समय मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी थी कि अपराधी या तो अपने रास्ते बदल लें अन्यथा सरकार उन्हें सुधारने के लिए बाध्य करेगी। किसी भी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत या प्रभावशाली पद के बावजूद, यदि वह कानून तोड़ेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। हरियाणा में कानून की सर्वोच्चता स्थापित होगी, अपराधी की हैसियत नहीं। मुख्यमंत्री विधानसभा में विपक्ष द्वारा प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर लाए स्थगन प्रस्ताव पर वक्तव्य दे रहे थे।

---

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# कांग्रेस अमावस्या है, भाजपा पूर्णमासी: नड्डा

### मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कार्यकर्ता भाजपा और कांग्रेस के बीच के फर्क जनता को समझाएं। देश के लिए कांग्रेस अमावस्या है और भारतीय जनता पार्टी पूर्णमासी है। 2014 भारतीय राजनीति का टर्निंग पाइंट है, जनता को बताएं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कही। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सोमवार को जबलपुर पहुंचे।

यहां कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। नड्डा ने जबलपुर संभागीय कार्यालय में जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। डेड कांग्रेस के डेड लीडर ही हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं, जबकि हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विरोधी भी मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है। हमने सत्ता के लिए कभी समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित किया।



#### अमावस्या की याद बार-बार दिलाएं, ताकि पूर्णमासी को समझ सके जनता: नड्डा

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि हमें जनता को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का फर्क बार-बार बताना होगा। आपातकाल के दौरान प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यह कानून पारित कराया था कि प्रधानमंत्री और लोकसभा स्पीकर पर कोई कानून लागू नहीं होगा। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह प्रस्ताव रखा है कि प्रधानमंत्री समेत कोई भी मंत्री या मुख्यमंत्री अगर 30 दिन तक जेल में रहता है, तो 31 वें दिन उसे अपना पद छोड़ना होगा। कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवाद चरम पर था, लेकिन अब मोदी के कार्यकाल में आतंकवाद समाप्ति की ओर है। भाजपा देश को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है, तो कांग्रेस हमेशा उन लोगों के साथ खड़ी होती है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, अशांति फैलाना चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि मैंने संसद में भाजपा और कांग्रेस का फर्क बताते हुए कहा था कि कांग्रेस अमावस्या है और भाजपा पूर्णमासी। लेकिन लोग पूर्णमासी को महसूस कर सकें, इसके लिए हमें उन्हें बार-बार अमावस्या की याद दिलानी होगी।

#### भाजपा सबसे बड़ा कार्यकर्ता आधारित दल



केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ा कार्यकर्ता आधारित दल है। हमारे 14 करोड़ कार्यकर्ता हैं और 2 करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। हम 8.25 लाख बूथों पर काम करते हैं। हमारे 240 लोकसभा और 102 राज्यसभा सदस्य हैं। गुजरात में छठी बार और मध्यप्रदेश में चौथी बार हमारी सरकारें बनी हैं। गोवा और हरियाणा में तीसरी बार हमारी सरकार बनी है। उत्तरप्रदेश में 35 साल बाद हमारी सरकार रिपीट हुई है। उत्तराखंड, मणिपुर, असम और त्रिपुरा में भी हमारी सरकारें रिपीट हुई हैं। लंबे समय बाद दिल्ली में हमारी सरकार बनी है।

#### केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष ने किए मां नर्मदा के दर्शन



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह ने सोमवार को जबलपुर में ग्वारी घाट पर माँ नर्मदा के दर्शन-पूजन कर आरती की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### मरही माता के दर्शन करने जा रहा था परिवार

## तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के चार लोगों की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही

जिले में सोमवार को एक बड़ा दुखद हादसा सामने आया, जब मरही माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे एक ही परिवार के तीन बच्चे और एक शख्स पानी के तेज बहाव में बह गए। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, भाटापारा और बलौदाबाजार क्षेत्र से 40 से 45 श्रद्धालु बस से कोटा विकासखंड के भनवारटंक स्थित मरही माता मंदिर पहुंचे थे। पूजा-अर्चना के बाद सभी श्रद्धालु मंदिर से कुछ दूरी पर नाले के उस पार भोजन करने गए थे। भोजन उपरांत वापसी के दौरान अचानक नाले में पानी का बहाव तेज हो गया।

#### चारों के शव बरामद

*इसी दौरान परिवार के चार लोग बह गए। रेस्क्यू टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चों के शव सोमवार को ही बरामद कर लिए थे। वहीं रातभर चले खोजबीन अभियान के बाद मंगलवार सुबह चौथे व्यक्ति का शव भी मिल गया। हादसे में मितान ध्रुव (9 वर्ष) निवासी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, बिनेश्वरी ध्रुव (13 वर्ष) निवासी बिटकुली, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, मुस्कान ध्रुव (13 वर्ष) निवासी बोदरी परसदा, जिला बिलासपुर एवं बलराम ध्रुव (34 वर्ष) निवासी बोदरी परसदा, जिला बिलासपुर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बेलगहना चौकी पुलिस, तहसीलदार व प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू अभियान चलाया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।*

---

### पति, पत्नी और एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

## पत्नी को प्रेमी संग देखा तो पति ने की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली हत्या का खुलासा हुआ है। घटना के पीछे अवैध संबंध का विवाद सामने आया है। पुलिस ने हत्या के महज कुछ घंटों के भीतर ही एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 25 अगस्त को खमतराई थाना क्षेत्र के रावाभाठा स्थित मिलाल बाड़ा के पीछे खाली प्लाट में एक युवक का शव बोरी में बंद हालत में मिला था।

मृतक के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे और चेहरे पर कपड़ा बंधा था। प्रथम दृष्टया धारदार हथियार से हमला कर हत्या की आशंका हुई। पुलिस की एंटी क्राइम और साइबर यूनिट ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान रामा



माड़े (23 वर्ष) निवासी मलकानगिरी (ओडिशा), हाल निवासी मेटल पार्क रावाभाठा, के रूप में हुई। रामा माड़े स्थानीय फैक्ट्री में मजदूरी करता था। जांच में पता चला कि मृतक का उसी फैक्ट्री में काम करने वाली महिला सोनम से अवैध संबंध था। आरोपियों में कृष्णा बंजारे (44 वर्ष), निवासी रावाभाठा, रामकृष्ण बंजारे उर्फ राजाराम (40 वर्ष), निवासी रावाभाठा एवं सोनम बंजारे (30 वर्ष), पत्नी कृष्णा बंजारे, निवासी रावाभाठा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

#### लकड़ी के बत्ते से सिर पर किया वार

पूछताछ में सोनम ने कबूल किया कि घटना वाले दिन उसके पति कृष्णा बंजारे ने उसे और रामा को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इससे गुस्से में आकर कृष्णा ने लकड़ी के बत्ते से रामा के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद कृष्णा, सोनम और उसका साथी रामकृष्ण उर्फ राजाराम बंजारे ने शव को बोरी में भरकर मोटरसाइकिल से सुनसान जगह फेंक दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त लकड़ी का बत्ता और शव ले जाने में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

---



### मलचा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मेडिकल कैंप 100+ मरीजों को जांचा

**नई दिल्ली।** डीईओआर एवं एमबीजी हेल्थकेयर फाउंडेशन द्वारा मलचा कम्युनिटी सेंटर, चाणक्यपुरी में मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया गया। कैंप में 150 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क परामर्श एवं ब्लड इन्वेस्टिगेशन कराए। इस मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. गुरविंदर सिंह बल (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. कोमल बल (नेत्र रोग), डॉ. वीणू जिंदल (त्वचा रोग), डॉ. संजीत सिंह (एंडोडॉन्टिस्ट), डॉ. निखिल ग्रोवर (बाल दंत रोग) ने सेवाएं दी और मारीजों की जांच की। कैंप के दौरान मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम की सफलता में विशेष सहयोग हेतु अशोक बहल, अध्यक्ष, मलचा कम्युनिटी सेंटर का आभार व्यक्त किया गया।

### बड़ा हादसा टला, बाधित रहा रेल यातायात

## पटरी से उतरे मालगाड़ी के कई डिब्बे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर और उरकुरा स्टेशन के बीच रविवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। मालगाड़ी के कई डिब्बे अचानक पटरी से उतर जाने के कारण इस रूट पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी दल मौके पर पहुंच गए और ट्रैक को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। हादसे का सबसे ज्यादा असर अप और डाउन दोनों रेल मार्गों पर पड़ा है। कई ट्रेनें बीच रास्ते में खड़ी हो गई हैं। अमृतसर से बिलासपुर जा रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस को उरकुरा स्टेशन के पास रोकना पड़ा। यात्री घंटों से ट्रेन के दुबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक की मरम्मत और डिब्बों को हटाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। टीम कोशिश कर रही है कि जल्द से जल्द ट्रैक को खाली कर ट्रेन संचालन सामान्य किया जा सके।

### मामला संदिग्ध, पुलिस कर रही मामले की जांच

## नदी में बहता मिला नव विवाहिता का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सोशल मीडिया पर प्यार का एक दर्दनाक अंजाम सामने आया है। जानकारी के अनुसार, भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम धुर्राबंधा की एक नवविवाहित युवती का शव बोरे में बंद अवस्था में शिवनाथ नदी से बरामद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, युवती की मुलाकात इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से एक युवक से हुई थी।

दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और बाद में विवाह भी हुआ। लेकिन विवाह के कुछ ही दिनों बाद युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवती का शव बहते हुए बिलासपुर जिले की पुलिस को मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को बरामद कर धुर्राबंधा गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है और युवती की मौत के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है।

---

### करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खातों में किए गए अंतरित

# गोडाउन में ही उपार्जन केन्द्र बनाने को दी जाएगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण की एसीएस रश्मि अरूण शमी ने कहा कि गो-डॉउन में ही उपार्जन केन्द्र बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे उपार्जित अनाज के परिवहन में लगने वाला खर्च बच सकेगा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया। करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में अंतरित किए गए। गेहूं के उपार्जन में सरकार ने 175 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया। लगभग 6 लाख 50 हजार किसानों से 43.5 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

यह बात एसीएस खाद्य शमी ने प्रोक्योरमेंट रिफार्म पर हुई स्टेट लेवल वर्कशॉप में कही। वर्कशॉप कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुई। वर्कशॉप में भारत सरकार के अपर मुख्य सचिव एवं वित्तीय सलाहकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव शंकर, भारत सरकार में संयुक्त सचिव सुश्री सी. शिखा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में आधार नम्बर को भी जोड़ा गया है।

प्रोक्योरमेंट रिफार्म पर हुई स्टेट लेवल वर्कशॉप



#### केन्द्रों से ही मिलर्स को धान देने का किया प्रावधान

अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से ही मिलर्स को धान देने का प्रावधान किया गया है। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। पीडीएस दुकानों में अनाज ले जाने वाले वाहनों की सघन मॉनिटरिंग की जाती है। प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों को जन पोषण केन्द्र के रूप में विकसित करने की भी योजना है। वर्तमान में इंदौर में यह कार्य शुरू कर दिया गया है। उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न लेने वाले उपभोक्ताओं की ई-केवायसी कराई जा रही है। ई-केवायसी के बाद अपात्र लोगों को बाहर किया गया है। लगभग 5 लाख 70 हजार नए उपभोक्ताओं को सूची में जोड़ा गया है।

#### उपार्जन की प्रक्रिया के संबंध में गहन विमर्श किया

वर्कशॉप में भारत सरकार के अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव शंकर ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में उपस्थित अधिकारी अपने सुझाव जरूर दें। संजीव ने कहा कि उपार्जन की प्रक्रिया को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस संबंध में गहन विमर्श किया जाएगा। भारत सरकार की संयुक्त सचिव पॉलिसी एण्ड एफसीआई सी. शिखा ने बिलिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी की जानकारी प्रतिमाह भेजें। उन्होंने मध्यप्रदेश की गुड प्रेक्टिसेस के बारे में भी जानकारी दी और विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की।

#### गेहूं और धान के उपार्जन के संबंध में बनाए गए एक्शन प्लान

जनरल मैनेजर एफसीआई विशेष गढ़पाले ने प्रोक्योरमेंट सेंटर सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (पीसीएसएपी) के बारे में जानकारी दी। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने गेहूं और धान के उपार्जन के संबंध में बनाए गए एक्शन प्लान की जानकारी दी। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया के सरलीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा ने उपार्जन और भंडारण की प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। अश्विनी गुप्ता ने फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नामः सीनियर डीईएन-III/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में, एडीईएन/दिल्ली के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/दिल्ली/लाइन के खंड में पीएससी स्लैब के साथ पुल संख्या-4 लाइन संख्या 13, 24, एलपीओ-01, एलपीओ-2 के स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन और एडीईएन/नई दिल्ली के अधीन द्वितीय यमुना ब्रिज-साहिबाबाद खंड पर पीएससी स्लैब के साथ पुल संख्या 25 अप जी ए एल और 25 डाउन जी ए एल के गर्डर का प्रतिस्थापन। | |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 2,50,97,047.72/- (रूपये दो करोड़ पचास लाख सत्तान्नवे हजार सैंतालीस और बहत्तर पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | ₹ 2,75,500/- (रूपये दो लाख पचहत्तर हजार पांच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 17.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29324103 |

- ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/इ-निविदा सूचना/29-2025-26/W-3 दिनांक: 25.08.2025 2586/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ की काट है, स्वदेशी अपनाओ

देश पर जब भी कोई विपदा या परेशानी आई है तो पूरे देश ने मिलकर न केवल मुकाबला किया है बल्कि उस परेशानी का खात्मा करके ही दम लिया है। ऐसा ही समय एक बार फिर आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले की गई घोषणा के अनुसार भारतीय सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। भारत के खिलाफ ये टैरिफ 27 अगस्त यानी आज से लागू होंगे। आदेश में कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय प्रोडक्ट्स पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त 2025 की रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। ट्रंप के इरादों से साफ है कि वो भारत के खिलाफ सनक पाले हुए हैं। इसका सीधा असर यह होगा कि टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सी फूड इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। इससे 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। हालांकि आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री पर नहीं होगा। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेक्शन 232 के तहत छूट मिली है। जब तक इसकी घोषणा नहीं होती, तब तक अमेरिका को निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, फार्मा पर मौजूदा टैरिफ जीरो फीसदी है, लेकिन ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है। जब तक ये लागू नहीं होता, तब तक छूट मिलती रहेगी। ऐसा लंबे समय तक होता नजर नहीं आ रहा। जिस तरह से ट्रंप प्रशासन फैसले ले रहा है, उससे तो साफ है कि वे किसी भी समय कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इसके लिए तैयार रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की तरफ भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने संबंधी नोटिफिकेशन के दो दिन पहले ही अपना रुख साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकती। हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे। इशारा साफ है कि भारत अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न उठता है कि विकल्प क्या है। सबसे पहले तो सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा। इसके तहत भारत अब चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के बाजारों पर फोकस करेगा। आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भारत ट्रेड डील कर चुका है। ये एक अक्टूबर से लागू होगी। ब्रिटेन के साथ डील अगले साल अप्रैल से लागू हो सकती है। ओमान, चिली, पेरू, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ से बातचीत जारी है। भारत सीफूड के लिए रूस, यूके, यूरोपीय यूनियन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया पर फोकस कर रहा है। वहीं, हीरे और आभूषण के लिए वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और अफ्रीका जैसे बाजारों की ओर रुख कर रहा है। सरकार इसके लिए अपनी तरफ से प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एक खास बात और भी कही है जो आपदा में अवसर होगी। स्वदेशी अपनाओ, इसी मंत्र से हम ट्रंप के टैरिफ को काट सकते हैं। टैरिफ का सबसे ज्यादा असर नौकरियों पर होगा। अगर हम स्वदेशी अपनाते हैं तो जितनी नौकरियां प्रभावित होंगी, उससे कहीं ज्यादा हम अपनी खपत बढ़ाकर रोजगार सजृन कर सकते हैं। अगर त्योहारों के सीजन में ही संकल्प कर लें कि केवल स्वदेशी सामान की खरीद करेंगे तो ट्रंप के इस टैरिफ का हम पर कोई खास असर नहीं होने वाला। जरूरी यही है कि हम हमेशा के लिए देश के लिए खड़े हों और स्वदेशी को अपनाएं।



## संघ शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

# मोहन भागवत की अगुवाई में महामंथन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी दिल्ली में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही, भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। इन्हीं में से एक कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देश के चार प्रमुख शहरों राजधानी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में सक्रिय नागरिकों के साथ संवाद है। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति भवन में 26, 27 और 28 अगस्त को होगा। कोई संगठन अपने शीर्ष नेता का कुछ घंटे का एक दिन का संबोधन या प्रश्नोत्तर या फिर पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम रख रहा है। आम सोच यही होगी कि डॉ. भागवत संघ पर लगने वाले आरोपों पर विस्तार से बात रखेंगे तथा अपनी उपलब्धियों का बखान करेंगे। अभी तक संघ के कारण प्रणाली में ऐसा कभी नजर नहीं आया कि संघ का चरित्र अन्य संगठनों की तरह लगने वाले आरोपों का त्वरित या किसी स्तर पर पत्रकार वार्ता आदि बुलाकर खंडन करना और आत्म प्रचार का हो। जब यह अभी तक संघ की कार्यप्रणाली में रहा ही नहीं तो शताब्दी वर्ष पर सरसंघचालक का राजधानी दिल्ली के इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उपयोग वे इसमें करेंगे, ऐसी कल्पना निरर्थक है। तो फिर? स्वाभाविक ही तीन दिनों तक लगातार लोगों के सामने संघ की 100 वर्ष की यात्रा, वर्तमान भारत एवं विश्व की स्थिति , उत्पन्न प्रश्न एवं चुनौतियां, उन पर संघ का मत एवं उपस्थित समूह के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आदि शामिल होंगे। हां उपस्थित श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में शेष बातें आएंगी।

राजधानी दिल्ली के इस कार्यक्रम की ओर निश्चित रूप से संघ के स्वयंसेवकों व समर्थकों के अलावा देश भर के विरोधियों की भी दृष्टि होगी। शताब्दी वर्ष की दृष्टि से संघ का संगठन के बाहर देश के समक्ष शीर्षतम नेतृत्व द्वारा अपनी बात रखने का यह पहला कार्यक्रम होगा। निश्चित रूप से इसकी तैयारी भी उसी अनुसार दिखाई दी है। संघ के विरोधी भी यह मानते हैं कि उनका कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुलक्षित होता है। निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले मानेंगे कि डॉ. भागवत का यह कार्यक्रम ऐसा होगा कि दूसरे संगठन भी इससे अपने महत्वपूर्ण अवसरों का उपयोग करने का तौर-तरीका सीखकर आगे अपनाते हुए दिख सकते हैं। सच कहा जाए तो यह देश के समक्ष केवल संघ को अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण और बड़ा अवसर नहीं है, देश के लिए भी संघ को जानने समझने का अब तक का सबसे प्रामाणिक आयोजन है। हालांकि 2018 में भी मोहन भागवत ने इसी भवन में संवाद किया था और उसका भी असर हुआ। शताब्दी वर्ष की तैयारी को देखते हुए यह अभी तक का संघ की दृष्टि से सबसे अलग होगा। पिछले 23 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधि सभा के समापन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि संघ शताब्दी वर्ष का उत्सव नहीं मनाएगा बल्कि इसकी जगह हमने इस वर्ष के लिए तीन बिंदु सुनिश्चित किए हैं। एक, आत्मचिंतन करना, दो, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा तीन, राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में हम अधिक सावधानी, गुणवत्ता तथा व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेते हैं।



स्वाभाविक ही जीवंत सक्रिय संगठन 100 वर्ष की अपनी यात्रा पर आत्मचिंतन करेगा। आत्मचिंतन व्यापक आयाम वाला विषय है। आत्मचिंतन यानि हम जिन उद्देश्यों के लिए जिन परिस्थितियों में जिस तरह उत्पन्न हुए अभी तक अपने लक्ष्यों की दृष्टि से जो कुछ किया क्या वह संतोषजनक है, कुछ कमियां है तो उन्हें कैसे दूर करेंगे, वर्तमान काल और परिस्थिति में हमें और क्या करना है आदि आदि।

पिछले दिनों एक साक्षात्कार में मोहन भागवत ने कहा था कि 'डॉक्टर साहब, श्री गुरूजी या बाळासाहब के विचार सनातन परम्परा या संस्कृति से अलग नहीं हैं। प्रगाढ़ चिंतन व कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष प्रयोगों के अनुभव से संघ की पद्धति पक्की हुई और चल रही है। पहले से ही उसमें पोथी निष्ठा, व्यक्ति निष्ठा व अंधानुकरण की कोई जगह नहीं है। हम तत्वप्रधान हैं। महापुरुषों के गुणों का, उनकी बताई दिशा का अनुसरण करना है, परन्तु हर देश-काल-परिस्थिति में अपना मार्ग स्वयं बनाकर चलना है। इसलिए नित्यानित्य विवेक होना चाहिए। सरसंघचालक का वक्तव्य संघ के लिए दिशाबोधक है। अगर वे पूर्व सरसंघचालक को उद्धृत करते हुए कहते हैं कि मूल विचार को छोड़कर सब कुछ बदला जा सकता है तो इसे ही स्वीकार किया जाना चाहिए। पिछले 21 मार्च को अरुण कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संघ एक संगठन नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का बड़ा आंदोलन है। शताब्दी वर्ष में इसी को केंद्र में रखकर कार्यक्रम तय किए गए होंगे। जैसा पिछले काफी समय से पत्रकार वार्ताओं में संघ की ओर से बताया जा रहा है कि आगामी समय में सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को अधिक केन्द्रित करेगा । इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य सम्मिलित हैं। इस विषय में श्री होसबाले ने कहा था कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस कार्ययोजना का लक्ष्य है। अस्पृश्यता समाज के लिए पाप और कलंक है तथा संघ इसे मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित प्रांत प्रचारक बैठक में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर के वक्तव्य की कुछ पंक्तियां इन्हें ज्यादा स्पष्ट करतीं हैं ' शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा।

देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रम इन्हीं उद्देश्यों पर केंद्रित हैं इसलिए मोहन भागवत भी निश्चित रूप से इन बातों पर प्रबुद्ध समूह के बीच विस्तार से अपना मत रखेंगे। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गणेश चतुर्थी
बाल मुकुन्द ओझा



# पंच देवताओं में अग्रगण्य हैं भगवान गणेशजी

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे देश में बड़े ही धूमधाम और पूजा पाठ से मनाया जाता है। प्रत्येक घर और व्यापारिक संस्थान में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता, जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। अंग्रेजी तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव इस साल 27 अगस्त, बुधवार से शुरू होकर विसर्जन 6 सितंबर को होगा। पंचांग के अनुसार इस साल भगवान श्री गणेश की मध्यान्ह पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त 2027, बुधवार के दिन रहेगा। इस दिन गणेश भक्त सुबह 11 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर एक बजकर 40 मिनट के बीच श्री गणेश जी की पूजा कर सकेंगे। इस प्रकार गणपति के भक्तों को उनकी पूजा करने के लिए लगभग ढाई घंटे मिलेंगे। भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्वितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है। इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरुआत से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं। इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा, लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है। भारत ही नहीं, भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बनाकर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक होकर पुत्र गणेश को हृदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह कांटों में मुस्कराता है। ***-कांतिलाल मांडोत***

# मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
## प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत, रूस और चीन भाई-भाई

वर्तमान में एशिया के लिए इसी प्रकार का एक और भ्रातृत्व अनिवार्य है यथा पश्चिमी देश अमेरिका की रहनुमाई में रह कर पूरी दुनिया के स्रोतों का दोहन कर रहे हैं और एक-एक करके सर्वत्र फूट डाल कर विवाद खड़े करते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। अमेरिका अब तक संसार में कई युद्ध करवा चुका है और भारत-चीन और रूस का कभी हित नहीं किया। अब अचानक फिर तराजू बंदर के हाथ आ गया है और अब वह भारी भरकम टैरिफ का डंडा भारत, रूस और चीन पर बरसा रहा है। वह चाहता है कि भारत रूस से क्रूड ऑयल न खरीदे। भारत अपने हित-अहित जानता है और उक्त तीनों देश ट्रंप की हेकड़ी जरूर समाप्त करेंगे, आने वाले समय की यही पुकार है।

*- सुरेश यादव, धमतरी*

## ट्रेंड

### वंदे भारत एक्सप्रेस



मराठवाड़ा के विकास को गति देने के लिए, हम गतिशील परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज, 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ने नांदेड़ को मुंबई के और करीब ला दिया है, जिससे इस क्षेत्र के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुल गए हैं।
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### नक्सलवाद



नक्सलवाद ही कांग्रेस का 'संविधान' है। वामपंथी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर उसने इस पर मुहर लगा दी है। लेकिन यह समझ लें कि अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलियों को साफ करने का बीड़ा उठा लिया है।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### एजेंसीज का दुरुपयोग



सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। जिस तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। मोदी सरकार हमारी आवाज़ दबाना चाहती है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**


### वैकल्पिक संभावनाएं



उद्योग जगत के नेता/सीईओ एआई के कारण 'नौकरियों के नुकसान' का शोर मचा रहे हैं। उन्हें यह एहसास नहीं है कि उनकी 'नौकरियाँ' या पद ज़्यादा खतरे में हैं। क्योंकि अब कर्मचारियों को वैकल्पिक संभावनाएं तलाशने का मौका मिल गया है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


# द. अफ्रीका में सिक्खों के शांति पहल में धार्मिक नेता



सिख समुदाय द्वारा अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में शांति स्थापना के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में 300 से अधिक धार्मिक और सामुदायिक नेता एकत्र हुए। यह भव्य कार्यक्रम रविवार शाम सैंडटन में आयोजित किया गया जिसका विषय था 'विश्वासों को जोड़ना : अफ्रीका में अंतरधार्मिक सद्भाव के माध्यम से शांति को बढ़ावा देना'। आयोजकों ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला आयोजन पूरे महाद्वीप में शांति और सहयोगात्मक आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने की दिशा में आधारशिला बनने की महत्वकांक्षा रखता है। गुरुद्वारा साहिब जोहानिसबर्ग, सिख काउंसिल ऑफ अफ्रीका, हेवनली कल्चर वर्ल्ड पीस रेस्टोरेशन ऑफ लाइट (एचडब्ल्यूपीएल) और गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में ईसाई, मुस्लिम, हिंदू, सिख और अफ्रीकी पारंपरिक धर्म के नेता एक साथ आए। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के उप मंत्री डॉ. नामाने डिक्सन मासेमोला ने कहा कि 1996 में अपनाया गया दक्षिण अफ्रीका का संविधान सभी धर्मों और आस्थाओं को मान्यता देता है। मासेमोला ने कहा- धार्मिक नेता शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ऑफ बीट

# आत्महत्या के सटीक जवाब देने में कारगर नहीं एआई चैटबॉट



एक अध्ययन तीन लोकप्रिय कृत्रिम मेधा चैटबॉट्स पर यह जानने के लिए किया गया कि वे आत्महत्या से जुड़े सवालों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। इसमें पाया गया कि वे आमतौर पर ऐसे सवालों का जवाब देने से बचते हैं जो उपयोगकर्ता के लिए सबसे ज़्यादा जोखिम वाले होते हैं, जैसे कि आत्महत्या करने के तरीकों से जुड़ी विशिष्ट जानकारी। हालांकि कम गंभीर लेकिन नकुसान पहुंचाने वाले सवालों पर ये जवाब देने में उतने कारगर नहीं है। ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लाउड में 'और अधिक सुधार' की जरूरत बताई गई है। आरएएनडी कॉर्पोरेशन ने यह अध्ययन किया है और इसका (अध्ययन का) वित्तपोषण अमेरिका के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने किया है। अनुसंधान में चिंता व्यक्त की गई है कि बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए एआई चैटबॉट पर निर्भर हैं। अध्ययन में इस बात के लिए मानक स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि कंपनियां इन प्रश्नों का उत्तर कैसे दें। अनुसंधान पत्र के प्रमुख लेखक तथा आरएएनडी के वरिष्ठ नीति अनुसंधानकर्ता रयान मैकबेन ने कहा, हमें कुछ सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 2018-19 में 5590 करोड़ की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गईं थीं

# साढ़े 5 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले में फंसे आप नेता सौरभ भारद्वाज, ईडी ने 13 ठिकानों पर खंगाले 'दस्तावेज'

आप नेताओं ने कहा पीएम की डिग्री मामले से ध्यान हटाने के लिए पड़ा छापा

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा-इससे साफ कि मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने एक साल पहले आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। एसीबी ने बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सौरभ भारद्वाज के घर रेड हुई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं। वहीं आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि ये रेड 100 फीसदी फर्जी है सौरभ भारद्वाज के यहां ईडी की रेड क्यों पड़ी। दरअसल कल से पीएम मोदी की डिग्री को लेकर चर्चा हो रही है। ये कैसी यूनिवर्सिटी है जिसे गर्व ही नहीं है कि देश के पीएम उनके यहां से पढ़े हैं। ये रेड 100 परसेंट फर्जी है, क्योंकि जिस समय का ये मामला है, तब सौरभ मंत्री ही नहीं थे। वे उसके दो साल बाद मंत्री बने। ये हास्यास्पद है। आपके मंत्री बनने से दो-तीन साल पहले के मामलों पर आपके यहां रेड हो रही है। ये ऐसी बात हो गई, मानो कोलगेट स्कैम और 2जी स्कैम पर मोदी जी के घर रेड पड़ जाए।

### भाजपा नेता की शिकायत पर जांच हुई





भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने 22 अगस्त 2024 को शिकायत के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल 25 जून को अस्पताल घोटाले की जांच को मंजूरी दे दी। गुप्ता ने शिकायत में तत्कालीन मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन पर मिलीभगत कर स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। हालांकि आप ने इन आरोपों से इनकार किया था। दोनों मंत्रियों पर 5,590 करोड़ की 24 अस्पताल परियोजनाओं में देरी का आरोप लगा। कहा गया कि इससे इन परियोजनाओं का खर्च बढ़ गया। इसके बाद दिल्ली विजिलेंस विभाग ने शिकायत की जांच की। इसके बाद एलजी के आदेश पर एंट्री करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज की। एसीबी ने जुलाई में यह मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया।

### स्वास्थ्य मंत्रियों पर लगे गड़बड़ी और लापरवाही के आरोप

आरोप है कि आप सरकार ने साल 2018-19 में 5590 करोड़ रुपए की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गई थीं। इसमें बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई। 6800 के कुल बिस्तर क्षमता वाले 7 आईसीयू अस्पतालों को सितंबर 2021 से 6 महीने के भीतर पूर्व-इंजीनियर संरचनाओं का उपयोग कर निर्माण के लिए 1125 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 3 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी 800 करोड़ रुपए की लागत के साथ केवल 50% काम पूरा हुआ। लोकनायक अस्पताल न्यू ब्लॉक परियोजना के लिए 465.52 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 4 साल में 1125 करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई, जो लागत से करीब 3 गुनी है। पॉलीक्लिनिक्स परियोजना के लिए 168.52 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत हुई। इसमें 94 पॉलीक्लिनिक्स तैयार करना था, लेकिन 52 का निर्माण करने पर 220 करोड़ रुपए खर्च हुए।

## खबर संक्षेप

### मेरी कुर्सी का सम्मान करें, जितना मैं करती हूं



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ताजा हमला बोलते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि उन्हें उनसे (मोदी से) कभी यह उम्मीद नहीं थी कि वे उनकी कुर्सी का अनादर करने के साथ पूरे प्रांत का अपमान करेंगे। बर्धमान शहर में एक कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के खजाने पर 'भारी बोझ' पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं।

### झांकी में मराठी भाषा को प्रदर्शित करने की मांग



**मुंबई।** मुंबई में गणेश मंडलों की समन्वय समिति ने अपील की है कि वे गणपति उत्सव को गैर-राजनीतिक रखें तथा उत्सव के दौरान मराठी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दें। महाराष्ट्र सरकार ने आज से शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है। समिति ने कहा, गणेशोत्सव एक भक्तिपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए इसे राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

## यूरोप और जापान समेत 100 देशों में होगी एसयूवी निर्यात

# पीएम ने पहली ईवी मारुति को दिखाई झंडी कहा- दुनिया में मेड इन इंडिया ईवी चलेगी

कार फुल चार्ज करने पर 500 किमी से ज्यादा चलेगी

मारुति सुजुकी मेक इन इंडिया का ब्रांड एंबेसडर

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मारुति सुजुकी की ईवी यूनिट का उद्घाटन किया और इसे भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि अब भारत मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की ओर कदम बढ़ा रहा है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं और ये कि भारत सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जिसे और आगे बढ़ाना है. उन्होंने अगले सप्ताह अपनी जापान यात्रा का भी ऐलान किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि गणेश उत्सव के उल्लास में आज भारत-जापान दोस्ती को नया आयाम मिला है।



उन्होंने मारुति के सफर को टीन एज से जोड़ा और कहा कि जिस तरह युवाओं के टीन एज में सपनों की उड़ान होती है, वैसे ही अब मारुति सुजुकी ईवी स्पेस में नए पंख फैलाने जा रही है। गुजरात में कंपनी का यह नया चरण उत्साह और उमंग से भरा हुआ है। पीएम मोदी ने याद दिलाया कि वर्ष 2012 में जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित की गई थी। उनका विजन आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को मज़बूत करना था, जो आज साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की शक्ति है और प्रतिभा (टैलेंट) का बड़ा पुल है।

### पहले से ही जापान में बिक रहीं हैं गाड़ियां



पीएम मोदी ने यह भी बताया कि सुजुकी द्वारा निर्मित गाड़ियां पहले से ही जापान में निर्यात हो रही हैं और अब ईवी एक्सपोर्ट की भी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी लगातार चार वर्षों से भारत की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर रही है और अब दर्जनों नई ईवी कारें विदेशों में चलेंगी, जिन पर लिखा होगा मेक इन इंडिया। पीएम मोदी ने मारुति सुजुकी को मेक इन इंडिया का ब्रांड एम्बेसडर करार देते हुए कहा कि कंपनी ने न सिर्फ घरेलू स्तर पर, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान को मजबूती दी है। उन्होंने इस अवसर को भारत-जापान दोस्ती और साझा प्रगति का प्रतीक बताया।

### हम यहीं रुकने वाले नहीं

पीएम मोदी ने कहा, हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं, सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं जिसे और आगे बढ़ाना है। ऑटो इंडस्ट्री के लिए उनकी दिक्कतों से सजग है। इसके लिए देश में अलग-अलग जगह पर क्रिटिकल मिनरल के लिए खोजी अभियान चलाया जाएगा। अगले सप्ताह मैं जापान जा रहा हूं। हमारा संस्कृतिक रिश्ता है। मारुति से शुरू हुई जर्नी अब बुलेट ट्रेन तक पहुंची है। गुजरात-जापान के रिश्तों की शुरुआत 20 साल पहले यहीं से शुरुआत हुई थी।

### आम आदमी को भी फायदा

इससे आम आदमी को भी फायदा होगा. जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियां सस्ती होंगी, लोग इन्हें खरीद सकेंगे। कंपनी डोर-टू-डोर सर्विसिंग भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए आसान होगा। साथ ही, सरकार टैक्स में राहत और लोन की सुविधा दे रही है, जिससे ये गाड़ियां हर घर तक पहुंचें। इससे शहरों की हवा साफ होगी और ट्रैफिक में भी सुधार होगा। लेकिन ये सब तभी संभव है जब हम इस बदलाव को अपनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि ये ग्रीन मोबिलिटी का एक नया युग शुरू करेगा। हंसलपुर प्लांट अब सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि भारत की तरक्की का प्रतीक बन गया है। इससे नौजवानों को मौका मिलेगा।

### हंसलपुर प्लांट में 7,50,000 गाड़ियां बनाने की क्षमता

मारुति ने शुरुआत में वित्त वर्ष 2026 में ई-विटारा की करीब 67,000 यूनिट्स बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन अप्रैल में चीन द्वारा लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों की वजह से रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी के चलते ये लक्ष्य प्रभावित हो गया। मारुति ने अपने हंसलपुर प्लांट में 21,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 7,50,000 यूनिट्स है।

## डीके ने संघ की प्रार्थना पर मांगी माफी

# गांधी परिवार मेरा भगवान, मैं भक्त आखिरी सांस तक रहूंगा 'कांग्रेसी'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना गाने को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को फिर से सफाई दी। उन्होंने कहा- मैं गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराना चाहता हूं। मैं कांग्रेस में पैदा हुआ और कांग्रेस में ही मरूंगा। पूरे देश में यह संदेश देना चाहता हूं कि मैं कांग्रेस के साथ पूरी तरह समर्पित हूं। गांधी परिवार मेरे लिए भगवान है और मैं उनका भक्त हूं। मेरा इरादा कभी भी संघ की तारीफ करने का नहीं था। भाजपा ने मुझे तिहाड़ जेल में डालकर परेशान किया था। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं।

दरअसल, डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की कुछ लाइनें गाई थीं। इसके बाद कांग्रेस से उनकी तनातनी की अटकलें तेज हो गई थीं। कहा जा रहा था कि वे कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शिवकुमार ने 22 अगस्त को मामले पर अपनी सफाई दी थी। उनसे विधानसभा के बाहर जब पूछा गया कि क्या विधानसभा में आरएसएस वंदना पढ़ना किसी तरह का संकेत था, तो उन्होंने कहा कि मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं। मेरा खून, मेरा जीवन, सब कुछ कांग्रेस में है। मैं पूरी ताकत से कांग्रेस का नेतृत्व करूंगा।

### शिवकुमार ने बहस के दौरान संघ प्रार्थना गाई थी

कर्नाटक विधानसभा में 21 अगस्त को चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ (4 जून) पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान विधानसभा में भाजपा विधायक आर. अशोक ने शिवकुमार की ओर इशारा करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार को आरसीबी भगदड़ की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस पर डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि उन्हें भाजपा की चालों के बारे में सब पता है। फिर उन्होंने भाजपा विधायक के साथ बहस के दौरान संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की 2 लाइनें गा दीं। इस दौरान कांग्रेस खेमे के साथ-साथ विपक्ष भी चौंक गया।

# सीबीआई के हत्थे चढ़ा असिस्टेंट फ़ूड कमिश्नर, रंगे हाथों दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अधिकारी का नाम संजय बाली है, जो वर्तमान में राजौरी जिले में सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा के पद पर तैनात थे। ड्रग एंड फूड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन, स्वास्थ्य विभाग, जम्मू-कश्मीर सरकार से संबद्ध विभाग में कार्यरत बाली को उनके पद से भी हटा दिया गया है।

सीबीआई के अनुसार, उन्हें एक शिकायत मिली थी कि आरोपी अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा से जुड़े एक मामले में अनुकूल रिपोर्ट देने और लाइसेंस/नियामक कार्यवाही में ढील बरतने के बदले रिश्वत की मांग की थी। शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी अधिकारी नियमित निरीक्षण और रिपोर्टिंग में हेरफेर करने के बदले नकद रिश्वत की मांग कर रहे थे। सीबीआई की टीम ने पूर्व निर्धारित योजना के तहत नकद राशि लेते समय उन्हें धर दबोचा। मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद की गई।

### घर और कार्यालय की तलाशी




गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने जम्मू और राजौरी स्थित आरोपी अधिकारी के आवासीय और कार्यालय परिसरों की तलाशी ली। तलाशी में संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच जारी है। सीबीआई प्रवक्ता में कहा कि संजय बाली, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा, राजौरी (ड्रग एंड फूड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन, स्वास्थ्य विभाग, जम्मू-कश्मीर सरकार) को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### अदालत में पेश किया जाएगा

गिरफ्तार अधिकारी को अदालत में पेश किया जाएगा और न्यायिक हिरासत/सीबीआई रिमांड की मांग की जाएगी। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस भ्रष्टाचार नेटवर्क में और अधिकारी या कारोबारी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर में खाद्य सुरक्षा विभाग को लेकर पहले भी कई शिकायतें आती रही हैं कि निरीक्षण और लाइसेंस की प्रक्रिया में रिश्वतखोरी होती है। ऐसे में सीबीआई की यह कार्रवाई सरकार की "भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन" की नीति की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# मंदिर प्रशासन ने शुद्धिकरण कराया, शिकायत दर्ज कराई

## मंदिर के पवित्र तालाब में ब्लॉगर ने पैर धोए

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायुर श्रीकृष्ण मंदिर के तालाब में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया है। मंदिर प्रशासन ने तालाब में गैर-हिंदू व्लॉगर जैस्मीन जाफर के पैर धोने वाला वीडियो आने के बाद फैसला लिया है। देवस्वोम के प्रशासक ओबी अरुण कुमार ने बताया कि मंदिर के तालाब में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है।

फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने नियमों का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। दरअसल, फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने 20 अगस्त को मंदिर के तालाब में पैर धोते हुए एक रील शूट की थी और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद मंदिर प्रशासन



की ओर से भी उनके वीडियो बनाने का विरोध किया गया। गैर-हिंदुओं को तालाब में जाने की परमिशन नहीं मंदिर के तालाब में गैर-हिंदुओं को जाने की परमिशन नहीं है। मंदिर के आस-पास के इलाकों में शादी-ब्याह से जुड़े समारोहों को छोड़कर वीडियो बनाने पर प्रतिबंध है। हाई कोर्ट ने मंदिर परिसर के आस-पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक लगाई है। गुरुवायुर देवस्वोम ने जैस्मीन के इस कृत्य को मंदिर की परंपराओं का उल्लंघन बताया है। इस पूरे मामले को लेकर व्यवस्थापक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर व्लॉगर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## रामभद्राचार्य पर भड़के शंकराचार्य

# कहा- दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा स्वामी प्रेमानंद को लेकर दिए गए बयान पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक मंच से नाम लिए बिना रामभद्राचार्य पर कटाक्ष किया है। साथ ही संत प्रेमानंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आपको दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा है। प्रेमानंद दिनभर संस्कृत ही बोलते रहते हैं। ज्योतिर्मठ नाम के इंस्टाग्राम आईडी ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का वीडियो शेयर किया। जिसमें वह कह रहे हैं, वो एक पीले कपड़े वाले महात्माजी है वृंदावन में प्रेमानंद जी, कह रहे हैं कि उनको एक अक्षर संस्कृत नहीं आती। उनको संस्कृत आने की जरूरत क्या है? वो तो भगवान के नाम का प्रचार कर रहे हैं और भगवान का नाम संस्कृत में ही हैं। दिन भर राधे-राधे, कृष्ण-कृष्ण, हे गोविंद, हे गोपाल बोल रहे हैं और लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि नाम का स्मरण करो, हमें बताएं कि भगवान का नाम ये किस भाषा के शब्द हैं?


## आवश्यक सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 06597/06598 यशवंतपुर जं.–योग नगरी ऋषिकेश–यशवंतपुर जं. की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | कुल फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06597 | यशवंतपुर जं. | योग नगरी ऋषिकेश | वीरवार | 28.08.25 | 04.09.25 से 27.11.25 | 13 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | यशवंतपुर जं. | शनिवार | 30.08.25 | 06.09.25 से 29.11.25 | 13 |

रेलगाड़ी सं. 20487/20488 बाड़मेर–दिल्ली जं.–बाड़मेर का टर्मिनल दिल्ली जं. के स्थान पर अस्थायी रूप से दिल्ली सराय रोहिल्ला कर दिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान टर्मिनल | वर्तमान समय |  | परिवर्तित टर्मिनल | परिवर्तित समय |  | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  | आगमन | प्रस्थान |  | आगमन | प्रस्थान |  |
| 20487 | बाड़मेर | दिल्ली जं. | दिल्ली जं. | 12:55 | ---- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 12:30 | ---- | 28.08.2025 बाड़मेर से |
| 20488 | दिल्ली जं. | बाड़मेर | दिल्ली जं. | ---- | 15:40 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | ---- | 15:50 | 29.08.2025 दिल्ली सराय रोहिल्ला से |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2590/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित साप्ताहिक त्यौहार विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

रेलगाड़ी सं. 08760/08761 दुर्ग जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग जं. साप्ताहिक त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08760 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08760 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08761 आगमन | रेलगाड़ी सं. 08761 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10.45 | दुर्ग जं. | 15.00 | ---- |
| 11.20 | 11.25 | रायपुर जं. | 13.50 | 13.55 |
| 13.20 | 13.30 | उस्लापुर | 11.50 | 12.00 |
| 14.55 | 14.57 | पेन्ड्रा रोड | 09.57 | 09.59 |
| 15.35 | 15.40 | अनूपपुर जं. | 09.15 | 09.20 |
| 16.15 | 16.17 | शहडोल | 08.35 | 08.37 |
| 17.09 | 17.11 | उमरिया | 07.36 | 07.38 |
| 18.40 | 18.50 | कटनी मुड़वारा | 06.10 | 06.20 |
| 20.20 | 20.22 | दमोह | 03.25 | 03.27 |
| 21.25 | 21.30 | सागर | 02.10 | 02.15 |
| 01.55 | 02.05 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 21.30 | 21.40 |
| 06.35 | 06.40 | आगरा छावनी | 15.40 | 15.45 |
| 11.10 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 12.30 |

चलने के दिन : 08760 दुर्ग जं. से प्रत्येक रविवार दिनांक 05.10.2025 से 23.11.2025 तक एवं 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.10.2025 से 24.11.2025 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2591/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ4660-YOM- 2023
2) TATA MOTORS T1512G ENG. NO. HR38AC1143-YOM -2022
3) TATA MOTORS TSIGNA4825 REG. NO. HR74B3019-YOM- 2022
4) TATA MOTORS T_LPT_1612 REG. NO. UP58AT3749-YOM-2023
5) MAH MHMAXXCITY REG. NO. DL1LAM1959-YOM- 2024
6) TATA MOTORS TATA_YODHA REG.NO. HR38AF6002-YOM-2023
7) TATA MOTORS TATA1812 REG. NO. UP17BT4218-YOM-2023
8) TATA MOTORS T4018FBTT REG. NO. RJ11GC0944-YOM-2017
9) TATA MOTORS TACEGOLDSL REG. NO. DL1LAM6387-YOM - NA
10) TATA MOTORS T2518FBTP REG. NO. HR58D7175-YOM-2017

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

# ट्रंप के शुल्क से एप्पल का आईफोन हुआ 'टैरिफ-प्रूफ', भारत में नहीं बढ़ेंगी कीमतें

## अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर व अन्य सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी छूट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा की है तब से एप्पल पसंद करने वालों के मन में यही सवाल घूम रहा है कि क्या आईफोन महंगा होने वाला है? टैरिफ के बावजूद भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। अप्रैल में ट्रम्प प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी थी।

इस छूट की वजह से आईफोन सहित एप्पल के सेमीकंडक्टर पावर्ड डिवाइस बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भारत से अमेरिकी बाजार में एंट्री कर रहे हैं। इस छूट ने न केवल एप्पल बल्कि एनवीडिया जैसी अन्य टेक्नोलॉजी कंपनियों को भी राहत प्रदान की है। क्या iPhone की कीमतों पर पड़ेगा असर?

### एप्पल में अतिरिक्त लागत वहन करने की क्षमता

फिलहाल, एप्पल भारत में अपने विस्तार को रोकने के बजाय किसी भी अतिरिक्त लागत को वहन करने की संभावना रखता है। लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि 50 प्रतिशत टैरिफ के जोखिम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर इसे आईफोन पर लागू किया जाता है, तो इसका असर प्रमुख बाजारों में एप्पल की कीमतों को नया रूप दे सकता है, एकमुश्त बढ़ोतरी के रूप में।



### टैरिफ शील्ड से आईफोन सुरक्षित

टैरिफ शील्ड फिलहाल आईफोन को सुरक्षित रखती है लेकिन स्थिति अभी भी अस्थिर है। धारा 232 के तहत स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने के लिए शक्तियों का इस्तेमाल पहले ही किया जा चुका है, जिसका असर मछली पकड़ने की रील और झाड़ू जैसी आम वस्तुओं पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यही अधिकार स्मार्टफोन पर भी लागू हो सकते हैं।

### भारत बना प्रोडक्शन हब

एप्पल के लिए भारत अब सिर्फ चीन का विकल्प नहीं बल्कि अमेरिका भेजे जाने वाले आईफोन का प्रोडक्शन हब भी बन गया है। कंपनी की स्थिति मजबूत है लेकिन भविष्य में कंपनी का फायदा इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वाशिंगटन दरवाजा खुला रखता है या नए टैरिफ़ लगाकर उसे बंद करने का फ़ैसला करता है?

## खबर संक्षेप



### जैक्सन इंजीनियर्स सौर संयंत्र करेगी स्थापित

नई दिल्ली। जैक्सन इंजीनियर्स मध्य प्रदेश में छह गीगावाट क्षमता का एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में मंगलवार को कहा कि यह राज्य में सबसे बड़ा सौर विनिर्माण निवेश है। बयान में कहा गया है कि ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समाधान समूह जैक्सन ग्रुप की कंपनी मध्य प्रदेश के मक्सी फेज-2 में छह गीगावाट का एकीकृत सौर मॉड्यूल, सेल और वेफर संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रही है।

### ग्रासिम का बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपये के करीब

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) दो लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। कंपनी के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने मंगलवार को कंपनी की 78वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में यह जानकारी दी। ग्रासिम ने वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2024-25 के बीच पिछले पांच वर्षों में 67,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है।

### सुग्स लॉयड का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली। एकीकृत ईपीसी कंपनी सुग्स लॉयड लिमिटेड ने अपने 85.6 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 117-123 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा और दो सितंबर को संपन्न होगा। सुग्स लॉयड के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे।

## कंपनी भारत में परिचालन मजबूत करेगी

# सुजुकी मोटर अगले पांच-छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेशः तोशीहिरो

एजेंसी ▸▸ हंसलपुर (गुजरात)

जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि देश में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले पांच से छह साल में कंपनी 70,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ भारत में बनी मारुति की ई विटारा जापान सहित 100 देशों में निर्यात होगी

भारत में बनी मारुति ई-विटारा का जापान सहित 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। मोदी ने सुजुकी, तोशिबा और डेंसो के लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण संयंत्र का भी उद्घाटन किया जो हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी उत्पादन में सहायक होगा।

**लिथियम की आपूर्ति प्रभावित होने से बैटरी का विनिर्माण रूकाः** मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि लिथियम की आपूर्ति के लिए चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण जोखिम की स्थिति बनी हुई है जो निवेशकों को भारत में बैटरी सेल विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश करने से रोक रहा है। अपने संयंत्र में मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लिथियम आयन बैटरी सेल के उत्पादन से इतर भार्गव ने उम्मीद जताई कि भारतीय वैज्ञानिक ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित करने में सक्षम होंगे जो बाहरी आपूर्ति पर निर्भरता को हल कर सकें।



### 40 लाख ईकाई प्रति वर्ष तक विस्तार

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि यह निवेश कंपनी के सालाना 40 लाख इकाई उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किया जाएगा। प्रस्तावित निवेश क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, 'हम 40 लाख इकाई प्रति वर्ष तक विस्तार कर रहे हैं। अतः 40 लाख इकाई क्षमता का विस्तार, सभी सहायक बुनियादी ढांचे और अनुसंधान एवं विकास तथा नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के साथ....इन सभी के लिए काफी धन की जरूरत होगी।''

### चार दशक से परिवहन क्षेत्र में भागीदार

इस अवसर पर तोशीहिरो सुजुकी ने कहा, '' सुजुकी अगले पांच से छह वर्ष में भारत में 70,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी।'' उन्होंने कहा, '' सुजुकी ने चार दशक से भी अधिक समय से भारत की परिवहन यात्रा में गर्व से भागीदारी की है। हम भारत के सतत हरित परिवहन के दृष्टिकोण का समर्थन करने और विकसित भारत में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### जीएसटी परिषद की बैठक 4 सितंबर को

गुजरात में स्थापित होने वाले दूसरे संयंत्र को अंतिम रूप दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि हम जीएसटी परिषद की बैठक (4 सितंबर को) के बाद इस प्रश्न का अधिक स्पष्ट रूप से उत्तर दे पाएंगे क्योंकि उसके बाद हर कोई यह अनुमान लगाएगा कि जीएसटी संबंधी निर्णयों का भविष्य की वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है।''

### समूह पहले ही एक लाख करोड़ का निवेश कर चुका

कंपनी के इस दूसरे संयंत्र की घोषणा पिछले साल 35,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ की गई थी। सुजुकी समूह पहले ही भारत में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुका है। इन निवेश से मूल्य श्रृंखला में 11 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। मारुति सुजुकी इंडिया की इकाई सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) में विशेष रूप से विनिर्मित, निर्यात के लिए तैयार ई-विटारा की पहली खेप पीपावाव बंदरगाह से यूरोपीय क्षेत्र में भेजी जाएगी।

### भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा

भार्गव ने कहा, ''हम अभी तक ईवी बैटरियां नहीं बनाते...भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा है। आज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की एक समस्या यह है कि लोग सेल को बैटरियों में पैक कर रहे हैं लेकिन सेल का वास्तविक उत्पादन (भारत में) नहीं हो रहा है।'' भार्गव ने जोर देकर कहा कि बैटरी सेल के उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करना '' एक बहुत ही पूंजी-प्रधान प्रस्ताव है।''

### सेल ने नौसेना को विशेष इस्पात की आपूर्ति की

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने भारतीय नौसेना के दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इन दोनों जहाजों को आज, 26 अगस्त, 2025 को विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह के दौरान नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

MODEL WAYS
NURSERY TEACHER'S
TRAINING INSTITUTE
I Block, Ashok Vihar-1, Delhi-52
Ph. 9650866060
Invites Applications for SCERT, Delhi Affiliated DPSE Course for the Session 2025-27, under Management Quota.
More information on
www. Scertdelhi.admissions.nic.in
Apply before 1st September 2025

Public Notice
I, Sarla Rani W/o Sh Nar Singh Dass R/o S3, Plot No. 131, Radhey Shyam Park, Ganga Banquet, Sec – 5, Rajender Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, UP, Herby declare that I am wife of Service No. 246377 Ex JWO Narsingh Dass and date of discharge is 31st May 1983, That my correct date of birth 17/08/1947 & same is mentioned on my Aadhaar card no.750369002389 & Pan card No.FRWPS8254J.That is request to endorse my date of birth in my husband's service records. Deponent-Sarla Rani

शुद्धिपत्र
मैसर्स डेल्टन केबल्स लिमिटेड के एजीएम के संबंध में, दिनांक 26.08.2025 को प्रकाशित विज्ञापन की शीर्ष हैडिंग को 50वीं वार्षिक आम बैठक के स्थान पर कृपया 60वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) पढ़ी जानी चाहिए। इस असुविधा के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं।

### भारत का कैसियो घड़ियों का बाजार शीर्ष तीन बाजारों में होगा शामिल

नई दिल्ली। घड़ी बनाने वाली कंपनी कैसियो के भारत प्रमुख टाकुटो किमुरा ने कहा है कि भारत उनके लिए एक 'खास बाजार' है और यहां उनका कारोबार हर साल 25 से 30 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है। किमुरा ने उम्मीद जताई कि जल्द ही भारत दुनिया में कैसियो के सबसे बड़े तीन बाजारों में से एक बन जाएगा। किमुरा ने यह भी बताया कि कंपनी भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए निवेश जारी रखेगी, ताकि अभी की गति बनी रहे। फिलहाल, जापान, चीन, अमेरिका और यूरोप के बाद भारत कैसियो का पांचवां सबसे बड़ा बाज़ार है। किमुरा के अनुसार, भारत कैसियो के घड़ी कारोबार के लिए वास्तव में एक 'महत्वपूर्ण बाजार' है, जहां आर्थिक वृद्धि के साथ लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ रही है है। इन वजहों से इस बाजार में बहुत संभावनाएं निहित हैं। किमुरा ने कहा, ''निश्चित रूप से भारतीय बाजार कैसियो के लिए पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय बाजार है जिस पर कंपनी विशेष ध्यान केंद्रित करती है, और हम आयातित घड़ियों के साथ-साथ 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से अपनी उत्पाद श्रृंखला को विस्तार देने का प्रयास करेंगे।/''

# ट्रंप टैरिफ से पहले सेंसेक्स 849 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,689.60 अंक पर आ गया था।

■ सूचकांक टूटकर 81,000 अंक से नीचे फिसला





विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के गवर्नर को बर्खास्त करने के बाद विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने के लिए एक मसौदा आदेश जारी किया है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जोनापुर में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का आयोजन किया



नई दिल्ली। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने *3 माह के वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान* के अंतर्गत दिल्ली के जोनापुर गाँव में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (**PMSBY**), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (**PMJJY**) तथा बैंक की अन्य वित्तीय समावेशन पहलों के बारे में जागरूक करना था।इस अवसर पर श्री मुकुल एन. दंडिगे मुख्य महाप्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, के साथ श्री शिशराम तुन्दवाल, अंचल प्रमुख, दिल्ली, श्री अनिल अग्निहोत्री, क्षेत्रीय प्रमुख दिल्ली दक्षिण, तथा श्रीमती आकांक्षा रस्तोगी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (**LDM**), दक्षिणी दिल्ली उपस्थित रहे।

### चांदी 3,000 रुपये उछली व सोना 600 रुपये बढ़ा

नई दिल्ली। कमजोर रुपये और मजबूत वैश्विक रुझानों के समर्थन से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछली बार 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। सराफा एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमत 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के बाद निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले के कारण केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना खोलने का पहला शुद्धि पत्र
सं. 128–डब्लू/280/एनआईटी–28/2024–25/डब्ल्यू–3 दिनांक 25.08.2025
विज्ञापित निविदा सूचना सं. 128–डब्लू/280/एनआईटी–28/2025–26/डब्ल्यू–3 दिनांक 12.09.2025 को जो एक निविदा यानी "एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के खंड में पुल संख्या–4 लाइन संख्या 13, 24 एलपीओ, एलपीओ–2 के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब के साथ प्रतिस्थापित करना" अनुबंध मूल्य रु. 3,18,23,786.30 तथा बयाना राशि रु. 3,09,100/– को प्रशासनिक आधार पर IREPS से हटा दिया गया है।
2585/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एचएसवीपी, सेक्टर–59, पार्ट–2, फेज–L और II फरीदाबाद में 60 महीनों की डीएलपी के पश्चात और बकाया रोड्स का अपग्रेडेशन। | 22.08.2025 11.09.2025 | 552.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38003/I/88/7 दि. 26.08.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 950– एम.सी. सोनीपत के तहत सब्जी मण्डी वार्ड नं. 5 और बाबा धाम मंदिर के निकट सामुदायिक केन्द्र का पुनरोद्धार/निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.08.2025 | 1,66,02,037/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | 939– वार्ड नं. 11, एम.सी. सोनीपत में कल्याण नगर, भीम नगर और अन्य स्थानों में सीवर लाइन को बदलने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 01.09.2025 | 1,62,750/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38025/I/88/7 दि. 26.08.25

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

चिकित्सा
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5970




**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली - 5969 का हल





## खबर संक्षेप



### ग्रैंडस्लैम एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बने वोंग

**न्यूयॉर्क।** इक्कीस वर्ष के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए। वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे लिये यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिये भी।'' वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा ,''यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी कीस



**न्यूयॉर्क।** आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में पदार्पण के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गई।

### हॉकी एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश

**राजगीर।** इंडिया ने घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा ,'' प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा। हीरो पुरूष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।

### बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक दलाल



**कोलकाता।** बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे। दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं।

# 16 साल के रियो ने अंतिम पल में न्यूकैसल का सपना किया चकनाचूर

एजेंसी ▸▸| लंदन

सेंट जेम्स पार्क में खेले गए इस मुकाबले को प्रीमियर लीग के सबसे रोमांचक मैचों में गिना जाएगा। पांच गोल, एक रेड कार्ड, 10 खिलाड़ियों वाली न्यूकैसल यूनाइटेड ने जबरदस्त वापसी की लेकिन अंतिम समय यानी 100वें मिनट में लिवरपूल के 16 साल के खिलाड़ी रियो के निर्णायक गोल ने पूरा मुकाबला ही बदल दिया और विपक्षी टीम का सपना चकनाचूर कर दिया। लिवरपूल के युवा खिलाड़ी रियो न्गुमोहा ने सबसे कम उम्र में प्रीमियर लीग में गोल करके इतिहास रच दिया और अपनी टीम को जीत दिला दी।

### मैच से पहले तनावपूर्ण माहौल

इस मैच का बैकग्राउंड पहले से ही गर्म था। न्यूकैसल के स्टार स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक के संभावित लिवरपूल ट्रांसफर की अफवाहों ने माहौल को और अधिक उबाल दिया था। इसाक ने खुलेआम क्लब छोड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन न्यूकैसल ने 150 मिलियन की मांग पूरी हुए बिना उन्हें बेचने से इनकार कर दिया।

### एकिटिके भी रहे खबरों में

उधर, लिवरपूल के लिए नया स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके भी खबरों में थे। न्यूकैसल उन्हें साइन करना चाहता था, लेकिन वह लिवरपूल में शामिल हो गए। इससे न्यूकैसल के फैंस नाराज़ हो गए और मैच से पहले ही उन्होंने एकिटिके पर तंज कसा।

### लिवरपूल को दिलाई 3-2 से दमदार जीत



### एंथनी को रेड कार्ड, लिवरपूल का दबदबा

मैच की शुरुआत में न्यूकैसल यूनाइटेड ने आक्रामक रुख अपनाया और कई मौके बनाए, लेकिन अलेक्जेंडर इसाक की गैरमौजूदगी साफ़ झलक रही थी। लिवरपूल ने रयान ग्रेवेनबेर्च के ज़रिए बढ़त बनाई और फिर एकिटिके ने स्कोर 2-0 कर दिया। हालात तब और बिगड़ गए जब न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन को पहले हाफ के अंतिम क्षणों में वर्जिल वान डाइक पर फाउल करने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया।

### न्यूकैसल के ब्रूनो व ओसुला ने स्कोर किया बराबर

दूसरे हाफ की शुरुआत में न्यूकैसल ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपने सेट पीस का बखूबी इस्तेमाल किया। ब्रूनो गुइमारेस ने लिवरामेंटो के थ्रो-इन को गोल में बदला और फिर विलियम ओसुला ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ शानदार वापसी की और ऐसा लग रहा था कि मैच ड्रॉ पर खत्म होगा।

### रियो बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

मैच का सबसे खास और ऐतिहासिक पल 100वें मिनट में आया, जब 16 साल और 361 दिन के रियो न्गुमोहा ने गोल कर लिवरपूल को 3-2 से जीत दिला दी। इस गोल के साथ वह क्लब के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए और प्रीमियर लीग इतिहास में वेन रूनी के बाद चौथे सबसे युवा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बने।

### लिवरपूल चमकता सितारा

रियो न्गुमोहा का यह डेब्यू किसी सपने से कम नहीं था। अगर यह परफॉर्मेंस उनकी प्रतिभा की झलक है, तो लिवरपूल को भविष्य का एक चमकता सितारा मिल चुका है। मर्सीसाइड और टाइनसाइड आज रियो न्गुमोहा के नाम को लंबे समय तक याद रखेंगे।

## दलीप ट्रॉफी 2025 का आगाज 28 से, रोमांचक मैचों की श्रृंखला होगी शुरू

# किशन ईस्ट, शार्दुल वेस्ट, तिलक साउथ और शुभमन बने नॉर्थ जोन के कप्तान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से हो जाएगी। इस घरेलू टूर्नामेंट में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेते हुए नजर आएंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करने वाले शुभमन गिल नॉर्थ जोन का नेतृत्व करते हुए नजर आएंगे।

बता दें कि उनके नेतृत्व में खेलते हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 आखिर में 2-2 से बराबर रही थी। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट की टीमें, शेड्यूल घोषित हो गया है। सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे।

### 28 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट

28 अगस्त को दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में नॉर्थ जोन का सामना साउथ जोन से होगा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन और साउथ जोन की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद 4 सितंबर से दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। आखिर में 11 सितंबर से फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह सभी मैच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-ए और बी, बेंगलुरु में खेले जाने तय हैं।



**साउथ जोन**

**टीम :** तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन (उपकप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, और स्नेहल कौथंकर।



**ईस्ट जोन**

**टीम:** ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप और मोहम्मद शमी।

**वेस्ट जोन**



**टीम:** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे और अर्जन नागवासवाला।

**सेंट्रल जोन की कप्तानी करेंगे ध्रुव जुरेल**



**टीम:** ध्रुव जुरेल (कप्तान/ विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार और खलील अहमद।

**नॉर्थ जोन**



**टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन।

## एशियाई चैम्पियनशिप

# राइफल निशानेबाज सिफत को एशियाई चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण



एजेंसी ▸▸| शिमकेंट (कजाखस्तान)

ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीतने के साथ भारत को टीम स्पर्धा में भी पीला तमगा दिलाया। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने फाइनल में 459 . 2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458 . 8) को हराया। वहीं सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में यह सामरा का चौथा स्वर्ण है। वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थी।

### सामरा और आशी फाइनल में पहुंचे

भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151 . 0 और प्रोन में 156 . 2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0 . 4 अंक आगे रही। जापान की नोबाता मिसाकी (448 . 2) को कांस्य पदक मिला । आशी 402 . 8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही।

### खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

क्वालीफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

## केरल क्रिकेट लीग

# संजू ने एक गेंद पर बनाए 13 रन; गेंदबाज के उड़ाए होश



एजेंसी ▸▸| तिरुवनंतपुरम

केरल क्रिकेट लीग 2025 में संजू सैमसन ने बल्ले से गजब का तमाशा दिखाया। एक ही गेंद पर दो छक्के लगाकर 13 रन बटोरे। संजू ने न केवल मैदान में बल्कि सोशल मीडिया पर भी तहलका मचा दिया।

लीग के मुकाबले में मंगलवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में संजू ने कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए त्रिशूर टाइटन्स के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन ठोके, जिसमें 4 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

### दूसरा सिक्स लगते ही झूम उठे दर्शक

मैच का सबसे रोमांचक पल पांचवें ओवर में आया, जब त्रिशूर टाइटन्स के कप्तान सिजोमन जोसेफ की गेंद पर सैमसन ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर लंबा छक्का जड़ा। अंपायर ने इसे नो-बॉल करार दिया और अगली गेंद फ्री-हिट मिली। सैमसन ने मौके को भुनाते हुए मिडविकेट पर एक और छक्का जड़ दिया। इस तरह एक गेंद से कुल 13 रन बने और स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

### भारत की कोयल बार ने दो विश्व रिकॉर्ड बनाए

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक कोयल बार ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में दो नए युवा विश्व रिकॉर्ड स्थापित करके युवा और जूनियर दोनों खिताब जीते। जूनियर और युवा दोनों वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए इस किशोरी ने कुल 192 किग्रा (85 किग्रा + 107 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने पहले 85 किग्रा भार उठाकर युवा स्नैच विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर क्लीन एंड जर्क में अपने दूसरे प्रयास में 107 किग्रा भार उठाकर 105 किग्रा के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। इसके साथ ही, उन्होंने 188 किग्रा के मौजूदा युवा विश्व कुल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। कोयल का प्रयास उनकी हमवतन स्नेहा सोरेन से तीन बेहतर था, जिन्होंने 185 किग्रा (81 किग्रा+ 104 किग्रा) के साथ सीनियर वर्ग में रजत जीता था।

### महिला विश्व कप ट्रॉफी इंदौर पहुंची...





**इंदौर।** आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी टूर ने शहर के सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों, जैसे राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत का भ्रमण करते हुए इंदौर में अपना पड़ाव डाला। तीस सितंबर से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान इंदौर पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

## सिनक्यूफील्ड कप

### प्रज्ञानानंदा को संयुक्त बढ़त, गुकेश हारे

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

### सिंधू और प्रणय की जीत से शुरुआत



**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व चैंपियन पी वी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में सीधे गेम में जीत के साथ क्रमशः महिला और पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरुआत में थोड़ी असहज नजर आई लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को 23-21, 21-6 से हराया। विश्व में 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में फिनलैंड के विश्व में 47वें नंबर के खिलाड़ी जोकिम ओल्डॉर्फ को 21-18, 21-15 से हराया।

## समय सीमा निकल जाने के बाद लेनी होगी एसीसी से परमिशन

# एशिया कप की टीमें 30 तक बदल सकती हैं खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। यह टूर्नामेंट इस बार 9 सितंबर से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी और दुबई में खेला जाएगा। खास बात यह है कि इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा, जो कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले सभी टीमों के लिए एक बेहतरीन तैयारी का मौका होगा।

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। खास बात यह है कि एसीसी ने भाग ले रहीं टीमों को 30 अगस्त तक छूट दी है कि वे अपने स्क्वाड में बिना अनुमति के बदलाव कर सकती हैं। समय सीमा बीत जाने के बाद टीमों में बदलाव के लिए एसीसी से अनुमति लेनी होगी। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान का पहला मुकाबला 14 सितंबर को होगा।




### स्क्वॉड में बदलाव के लिए तारीख घोषित

टूर्नामेंट से पहले सभी टीमें अपने-अपने स्क्वॉड की घोषणा कर चुकी हैं। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग और ओमान ने अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। श्रीलंका और यूएई ने अब तक अपनी टीम नहीं बताई है।

एशियाई क्रिकेट परिषद की गाइडलाइंस के अनुसार, 30 अगस्त तक टीमें बिना किसी अनुमति के अपने स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं। ये बदलाव किसी चोटिल खिलाड़ी की जगह भी हो सकते हैं या बिना किसी विशेष कारण के भी।

### तारीख निकलने के बाद लेनी होगी एसीसी की अनुमति

अगर 30 अगस्त के बाद एशिया कप के लिए किसी टीम को अपने स्क्वॉड में बदलाव करना है, तो उन्हें एसीसी से विशेष अनुमति लेनी होगी। इसका मतलब है कि सभी टीमें 30 अगस्त की डेडलाइन से पहले अपनी योजनाएं अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं।

### भारत-पाक की भिड़ंत का इंतजार


एशिया कप का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा, जब भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें पहले लीग चरण में भिड़ेंगी, लेकिन यही मुकाबला सुपर-4 में दोबारा हो सकता है। अगर दोनों टीमें फाइनल तक का सफर तय करती हैं, तो तीसरी बार भी इनका आमना-सामना होगा। यानी फैंस को इस बार भारत-पाकिस्तान की टक्कर तीन बार देखने को मिल सकती है।

उदयगिरि और हिमगिरि युद्धपोत के नौसेना के शामिल होने के अवसर पर आयोजित किए गए समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा

# आक्रामकता की नहीं भारत की नीति लेकिन नुकसान पहुंचाने वालों के सामने नहीं झुकेंगे: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान की सीमा से मिलती साझा सुरक्षा चुनौती के मौजूदा दौर में नौसेना की पूर्वी कमांड के महत्वपूर्ण अड्डे विशाखापट्टनम में मंगलवार को आयोजित किए गए भव्य समारोह में पहली बार एक साथ आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि नामक बहु-मिशन आधारित दो स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में बल के जंगी बेड़े में शामिल किए गए। इस दौरान दिए अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत आक्रामकता की नीति का समर्थन नहीं करता है। लेकिन जो लोग हमें नुकसान पहुंचा चाहते हैं। हम उनके सामने नहीं झुकेंगे। जब हमारी सुरक्षा पर खतरा होता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं।



साथ ही उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यह दोनों युद्धपोत न केवल देश की समुद्री व्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए समुद्री हितों की रक्षा करेंगे। बल्कि मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में भी इनकी अहम भूमिका रहेगी। इनका जलावतरण भारत की पड़ोसी पहले और महासागर की नीति को बल प्रदान करता है।

उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना की क्षमता को बढ़ाएंगे। इसके अलावा ये संदेश देंगे कि भारत अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा करने में भी पूरी तरह से सक्षम है और किसी भी स्थिति का तत्काल जवाब देने के लिए तैयार है।




## नई तकनीक को लेकर अपडेट रहें

रक्षा मंत्री ने नौसेना कर्मियों से अपील की कि युद्ध के तेजी से बदलते स्वरूप को लेकर अब ये जरूरी हो गया है कि बल न केवल अपने आप को अपडेट रखे। बल्कि नए पहलुओं का भी पता लगाया जाए और अप्रत्याशित सफलताएं हासिल की जाएं। आज के दौर में पुरानी सोच काम नहीं आएगी। हमें नए खतरों का अनुमान लगाकर उनका समाधान ढूंढना होगा। दोनों युद्धपोतों में 75 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है।

## आत्मनिर्भरता का जगमगाता उदाहरण

उन्होंने कहा, ये दोनों युद्धपोत सरकार के आत्मनिर्भरता के संकल्प का जगमगाता उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। आत्मनिर्भरता अब केवल एक नारा नहीं है। बल्कि ये एक जमीनी हकीकत बन रही है। सशस्त्र बलों को भविष्य की दृष्टि से मजबूत किया जा रहा है। दोनों युद्धपोतों में से उदयगिरि को मुंबई स्थित एमडीएल और हिमगिरि को कोलकाता स्थिति जीआरएसई शिपयार्ड में स्वदेशी आधार पर बनाया गया है। इनका निर्माण नौसेना की 17-ए परियोजना के तहत किया गया है। बेहतर स्टेल्थ सुविधाएं, कम रडार सिग्नल, उन्नत निगरानी रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और रैपिड गन फायर सिस्टम से ये हमेशा लैस रहेंगे। युद्धपोतों को उच्च गति और बेहतर ईंधन सुविधा प्रदान करने के लिए संयुक्त डीजल और गैस प्रणोदन संयंत्र व एक अत्याधुनिक प्लेटफार्म भी प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पाक में बाढ़ से डूबे कई गांव, नहीं मिली मदद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में ग्लेशियर और फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई है। हजारों लोग अब भी पानी, बिजली और दवाइयों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्लेशियर टूटने और मलबा बहने से सड़कें, खेत और घर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। करीब 300 घर बाढ़ की चपेट में आकर झील में समा गए हैं।

### 4 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**कोच्चि।** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को त्रिशूर के एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक हाइब्रिड गांजा बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह व्यक्ति (27) बैंकॉक से यहां पहुंचा था। उसके बैग से हाइब्रिड गांजे के चार पैकेट मिले। इन्हें सीलबंद पैकेटों में भरा गया था ताकि गंध बाहर तक न आए। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। और मादक पदार्थ तस्करी में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

### पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को मिली जमानत



**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मंगलवार को जमानत दे दी। वह इस मामले में हिरासत में थे। विक्रमसिंघे ने कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल की आईसीयू से डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लिया। यह सुनवाई 'कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट' निलुपुली लंकापुरा की अध्यक्षता में हुई।

जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल तक भारी बारिश से मची तबाही

## भूस्खलन से सड़कें बंद

# डोडा में बादल फटा, 3 की मौत कई घर तबाह, बचाव कार्य जारी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर/ शिमला

*जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है*

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और में बादल फटने से भारी तबाही मची है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

जम्मू कश्मीर में भारी बारिश की वजह से फिलहाल मोबाइल और फाइबर नेटवर्क ठप हो गया है। जम्मू संभाग के सभी स्कूल आज बंद रहेंगे। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा कि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। खासकर चिनाब नदी के इलाकों में दो जगहों से बादल फटने की खबरें आई हैं। बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया। हमारी टीम उसे बहाल करने में जुटी है।

- बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया
- मोबाइल और फाइबर नेटवर्क पूरी तरह ठप



### तवी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही

*उधमपुर में तवी नदी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भगवती नगर में तवी नदी पर पुल का एक हिस्सा बह गया। इसका पानी जम्मू शहर तक पहुंच सकता है। एहतियात के तौर पर बिक्रम चौक, जम्मू से मुख्य तवी पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

### यातायात निलंबित

कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई इमारतें ढह गई और नेशनल हाईवे से संपर्क टूट गया।


### 18 ट्रेनें रद्द

*नॉर्थ रेलवे ने मंगलवार को कटरा, उधमपुर और जम्मू रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, चक्की नदी पर भारी मिट्टी के कटाव और अचानक आई बाढ़ के कारण पठानकोट से हिमाचल प्रदेश के कंदरोरी तक ट्रेन सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर, मांडा और चक रखवाल में चार ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। उन्होंने कहा कि कटरा-श्रीनगर रूट पर ट्रेनों की आवाजाही जारी है।*



ट्रंप की धमकियों का जवाब देगी तिकड़ी

# पुतिन और मोदी संग एकजुट होंगे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं।

### अमेरिकी नेतृत्व कमजोर हो रहा

यह सम्मेलन दुनिया को यह संदेश देगा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था अब कमजोर हो रही है और बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से आकार ले रही है। यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के लिए भी अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद और तनाव रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन के जरिए चीन के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि इस बैठक में दोनों देश सैनिकों की वापसी और व्यापार व वीजा पाबंदियों में ढील जैसे ऐलान कर सकते हैं। यह कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने में मदद करेगा।

### एससीओ में 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देश

शंघाई सहयोग संगठन आज 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। यह संगठन अमेरिका की नीतियों के खिलाफ सामूहिक हितों को सामने लाने का अहम मंच बन चुका है। इस साल का शिखर सम्मेलन 2001 में एससीओ की स्थापना के बाद अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की लड़ाई अब कोर्ट पहुंची

# एलन मस्क की एक्सएआई ने ओपनएआई और एपल पर ठोका मुकदमा, हर्जाना मांगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति उद्यमी एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी एक्सएआई ने अमेरिका की टेक्सास फेडरल कोर्ट में एपल और चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई पर मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि दोनों कंपनियां मिलकर एआई बाजार में अपना वर्चस्व बनाए रखने और नए खिलाड़ियों को रोकने की कोशिश कर रही हैं। मुकदमे में कहा गया है कि एपल और ओपनएआई ने बाजार को लॉक कर दिया है ताकि एक्स और एक्सएआई जैसी कंपनियां प्रतिस्पर्धा न कर सकें। दरअसल, एपल ने ओपनएआई के साथ साझेदारी कर अपने आईफोन, आईपैड और मैक डिवाइस में चैटजीपीटी को इंटीग्रेट कर दिया है।




### चैटजीपीटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला एआई चैटबॉट

*बता दें, चैटजीपीटी ने लॉन्च के कुछ महीनों में ही इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर एप बनने का रिकॉर्ड बनाया था। मस्क की एक्सएआई ने इसी साल मार्च में एक्स को 33 अरब डॉलर में खरीदा था ताकि अपने चैटबॉट ट्रेनिंग को बेहतर बना सके। उन्होंने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड टेसला में भी ग्रोक चैटबॉट को इंटीग्रेट किया है।*

### विशेष समझौते से ग्रोक एप को रोका गया

*एक्सएआई का दावा है कि अगर यह विशेष समझौता न होता तो एपल को एक्स और उसके ग्रोक एप को एपस्टोर पर ज्यादा प्रमुखता से दिखाने से रोकने का कोई कारण नहीं था। कंपनी ने अरबों डॉलर का मुआवजा मांगा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ओपनएआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला एलन मस्क की लगातार उत्पीड़न की रणनीति का हिस्सा है।*




# ईरान और यूरोपीय देशों के बीच अंतिम दौर की परमाणु वार्ता शुरू

एजेंसी ▶▶| वियना

ई3 देश कहलाने वाले ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिनेवा में ईरानी अधिकारियों के साथ अंतिम समय में परमाणु वार्ता की। यह बैठक उस समय हुई जब यूरोपीय देशों द्वारा ईरान पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की समयसीमा तेज़ी से नजदीक आ रही है। यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'स्नैपबैक' प्रावधान के तहत की जा सकती है। इससे पहले 25 जुलाई को इस्तांबुल में यूरोपीय और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच एक दौर की बातचीत हो चुकी है।

- प्रतिबंध प्रावधान लागू होने से पहले

ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग समाप्त करने और जून में ईरान-इज़राइल युद्ध के दौरान उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद यूरोपीय देशों की चिंताएं और भी बढ़ गई हैं।



आईएईए के निरीक्षण बंद होने के कारण वैश्विक समुदाय को ईरान के परमाणु कार्यक्रम - विशेषकर 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम के भंडार- की स्थिति का कोई स्पष्ट अंदाज़ा नहीं है। हथियार बनाने के लिए उपयुक्त यूरेनियम 90 प्रतिशत शुद्धता का होता है और 60 प्रतिशत तकनीकी रूप से बेहद निकट स्तर है। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, हालांकि वह एकमात्र ऐसा गैर-परमाणु हथियार संपन्न देश है जो इतने उच्च स्तर की यूरेनियम संवर्धन कर रहा है। अमेरिका, आईएईए और अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान 2003 तक परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा था।

इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने सहमति जताई थी कि यदि ईरान जैसे अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता फिर शुरू करना, संयुक्त राष्ट्र निरीक्षकों को परमाणु ठिकानों तक पहुंच देना और 400 किलोग्राम से अधिक संवर्धित यूरेनियम का स्पष्ट विवरण देना जैसी कुछ प्रमुख शर्तें पूरी नहीं करता तो अगस्त के अंत तक 'स्नैपबैक' प्रावधान लागू किया जाएगा।

### ईरान ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी हमले कराए: अल्बनीज

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया में कम से कम दो यहूदी विरोधी हमलों में ईरान का हाथ होने का आरोप लगाते हुए कहा कि खुफिया जानकारी से ये बातें पता चलने के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया में ईरान के राजदूत को निष्कासित किया जाएगा। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) ने निष्कर्ष निकाला है कि ईरान सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में सिडनी में कोषेर (यहूदी धार्मिक कानूनों के अनुसार तैयार किया गया भोजन) खाद्य कंपनी 'लुईस कॉन्टिनेंटल किचन' और पिछले साल दिसंबर में मेलबर्न में अदस इजराइल आराधनालय पर हमले का निर्देश दिया था। इस घोषणा से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया सरकार ने देश में ईरान के राजदूत अहमद सादेगी को सूचित किया कि उन्हें निष्कासित किया जाएगा। अल्बनीज ने बताया कि सरकार ने ईरान में तैनात ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों को भी किसी तीसरे देश में भेज दिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109